आज का सुविचार

जिंदगी में जिसने समय को मान लिया, उसने अपने आप को जान लिया!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

Freedom Of Speech

संपादक-नागेश नरवरिया



YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।

संपर्क करे -9425156055



वर्ष 9, अंक- 37 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## BNS - 244, किसी दूसरे की संपत्ति प्राप्त करने के मिथ्या दावा करना कब दण्डनीय अपराध होता है जानिए

जब कोई सिविल न्यायालय या कोई अधिकारी यह आदेश कर देता है की संपत्ति किसी विधिक पक्षकार की है एवं कानूनी तोर पर उसे ही मिलना चाहिए या मिल गई है , इस बात को जानते हुए भी कोई विरोधी पक्षकार या अन्य व्यक्ति जबरदस्ती या जानबूझकर कर उस संपत्ति को प्राप्त करने के लिए मिथ्या दावा न्यायालय में या अधिकारी के समक्ष करता है। तब वह व्यक्ति को कानून क्या सजा देगा जानिए-



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 244 की परिभाषा-** जो कोई व्यक्ति यह जानते हुए की किसी संपत्ति में उसका कोई हित नहीं है या वह संपत्ति किसी दूसरे के अधिकार की है एवं जानते हुए फिर भी कपटपूर्वक उसे प्राप्त करने के लिए झूठा दावा करेगा या मिथ्या वाद सिविल कोर्ट में दर्ज करेगा तब वह व्यक्ति BNS की धारा 244 के अंतर्गत दोषी होगा।

Bharatiya Nyaya Sanhita,2023
Section 243 Provision of punishment

यह अपराध सं असंज्ञेय एवं यह जमानतीय अपराध होते हैं , अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर भी दर्ज नहीं होती है लेकिन पुलिस अधिकारी NCR लिख सकती है , इस अपराध के लिए न्यायालय में परिवाद लगाया जा सकता है। एवं सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है।

**सजा-** इस अपराध के लिए अपराधी व्यक्ति को दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## क्या है दोहरे दण्ड से संरक्षण का मौलिक अधिकार, शासकीय सेवकों के लिए खास- Fundamental rights in India

भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है एवं सभी को समान विधि के अनुसार न्याय मिले सके, इसलिए संविधान में नागरिकों को बहुत से मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। कुछ विधियां मौलिक विधि होती है और कुछ विधियां कानूनी होती हैं। मौलिक विधि, वह विधि होती है जिसे अनुच्छेद 32 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट का संरक्षण प्राप्त होता है एवं कानूनी विधि वह विधि होती है जो राज्य सरकार के बनाई जाती है एवं अनुच्छेद 226 के अंतर्गत संरक्षण दिया जाता है। हम बात कर रहे हैं आरोपी व्यक्ति को दोहरे दण्ड से कब संरक्षण प्राप्त होता है जानिए।

**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 20(2) की परिभाषा:** किसी भी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक अभियोजित एवं दण्डित नहीं किया जाएगा। साधारण शब्दों में कहे तो किसी पुलिस अधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोप में विभागीय अधिकारी द्वारा दण्डित किया गया है एवं उसी अपराध में न्यायालय द्वारा दण्ड संहिता की धारा के अंतर्गत दण्डित किया गया है तब ऐसा अधिकारी दोहरे दण्ड का संरक्षण लेने का अधिकार रखता है एवं न्यायालय द्वारा मौलिक विधि के अंतर्गत ही दण्ड मान्य होगा न की कानूनी विधि के अंतर्गत।

**दोहरे दण्ड से संरक्षण के अधिकार लिए तीन शर्तो का होना आवश्यक है-**

1. व्यक्ति का आरोपी होना आवश्यक है।
2. कार्यवाही या विचारण किसी न्यायालय या न्यायिक अभिकरण के समक्ष हुई हो।
3. आपराधिक मामला किसी विधि अपराध के संबंध में हो एवं जिसमे दण्ड का प्रावधान भी हो।

**- लेखक - बी.आर. अहिरवार**
**(पत्रकार एवं एडवोकेट होशंगाबाद) 9827737665**

# प्रतियोगिता में भाग लेने से मिलता है नया जोश और मनोबल : राज्यपाल श्री पटेल

### राज्यपाल श्री पटेल केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अखिल भारतीय स्पर्धा के शुभारम्भ कार्यक्रम में शामिल हुए

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रतियोगिता में भाग लेने से नया जोश और मनोबल तो मिलता ही है, साथ ही अपने और दूसरों के प्रदर्शन के अनुभव से कौशल का नया स्तर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में ज्ञान और कौशल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि हार-जीत से कही अधिक महत्वपूर्ण हमारी संस्कृति, सुसंस्कृत जीवनशैली की गरिमा और गौरव का सम्मान है। राज्यपाल श्री पटेल आज केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय क्रीड़ा, सांस्कृतिक, शैक्षिक स्पर्धा, युवा महोत्सव 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विशिष्ट ग्रंथों, ÷सर्वसमावेशी शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में महर्षि दयानन्द सरस्वती÷ और ÷भारतीय ज्ञान परम्परा शिक्षक शिक्षा÷ का लोकार्पण किया। महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, युव संसद जयपुर के संस्थापक श्री आशुतोष जोशी मंचासीन थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि आधुनिक मानव जीवन से जुड़े क्षेत्रों शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी जीवन आदि कई विषयों में संस्कृत ज्ञान निधि की प्रासंगिकता आज बढ़ रही है। दुनिया में संस्कृत भारत की सॉफ्ट पावर का सबसे प्रमुख ज़रिया है। हमें ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जिसमें संस्कृत के ज्ञान को आधुनिक और शोध परक दृष्टि से देखा जाए और ज्ञान के नए स्वरूप को प्रकाशित किए जाए। समय की आवश्यकता है कि हमारे पास ऐसे युवा हो, जिनमें संस्कृत के साथ कम्प्यूटर कोडिंग की तकनीक और अनुसंधान का सामर्थ्य हो। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत निर्माण प्रयासों के लिए जड़ों से जुड़ें वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु सक्षम युवाओं का निर्माण समय की जरूरत है। विश्वविद्यालय को संस्कृत भाषा की भारतीय ज्ञान परम्परा को भविष्य की दृष्टि से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ समन्वय से भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने की जिम्मेदारी लेना होगी।

विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों को संस्कृत के अध्ययन और अनुसंधान के द्वारा राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान खोजने के अवसर उपलब्ध कराने होंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों के समग्र, सर्वांगीण विकास में ऐसे शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल स्पर्धाओं के आयोजन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होते है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाने और अखिल भारतीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की सराहना की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुंबई में इंडिया केम - 2024 को करेंगे संबोधित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 18 अक्टूबर को मुंबई में इंडिया केम- 2024 में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन की थीम एडवांटेज भारत¬ इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स पेविंग द फ्यूचर है। इस अवसर पर 13वीं द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा सहित केन्द्र सरकार और अनेक राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। मुंबई में 17-19 अक्टूबर 2024 तक हो रहे सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र रजनीकांत पटेल, ओडिशा के उद्योग राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वैन, सचिव रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग सुश्री निवेदिता शुक्ला वर्मा, अध्यक्ष फिक्की और सीएमडी दीपक नाइट्राइट लिमिटेड श्री दीपक मेहता, कार्यकारी निदेशक रिलायंस लिमिटेड श्री निखिल मेसवानी, एवोनिक इंडस्ट्रीज के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और एशिया प्रशांत के अध्यक्ष डॉ. क्लॉस रेटिग, अध्यक्ष फिक्की राष्ट्रीय पेट्रोकेमिकल्स समिति और एमडी और सीईओ, एचएमईएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड श्री प्रभा दास हिस्सा लेंगे।



## भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने 3589.4 करोड़ की मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश को विकास पथ की अमूल सौंगात देने पर उनका आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यपेदश सरकार बढ़ती रोड कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास का नया अध्याय लिख रही है। भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेडेशन से इस क्षेत्र के आर्थिकक विकास को गति मिलेगी, यातायात सुगमता के साथ ही सड़क दुर्घटना में भी कमी आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को मिली इस सौंगात के लिये प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री और केन्द्रीय मंत्री का आभार माना है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश में भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा पैकेजों के लिए 3589.4 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस अपग्रेडेशन से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसी के साथ मंडला-नैनपुर मार्ग के लिए भी 592 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।

## (Bns ) भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं के अधिकारों को प्रमुख महत्व दिया गया है। यह संहिता (ips )भारतीय दंड संहिता की जगह लेगी और इसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए कई नए विशेष कानून शामिल किए गए हैं (12)

महिलाओं के अधिकारों से संबंधित विशेष अधिकार जो भारतीय न्याय संहिता में दिए गए हैं जो महिलाओं को विशेष संरक्षण प्रदान करती है

1 **शादी का झूठा वादा-** यदि कोई व्यक्ति शादी का झूठा वादा करके महिला से शारीरिक संबंध बनाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा और जुर्माना दोनों ही सकता है

2 **यदि कोई व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर शादी-** करता है, तो उसे भी 10 साल तक की सजा का प्रावधान है।

3 **रेप के मामले-** रेप के मामलों में सजा को और कठोर बनाया गया है। यदि अपराधी पुलिस अधिकारी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों का सदस्य, या महिला का रिश्तेदार है, तो सजा और भी कठोर हो जाती है।

4 **महिला गरिमा और शालीनता-** महिलाओं की गरिमा और शालीनता की रक्षा के लिए विशेष कानून दिए गए हैं। किसी भी महिला का परीक्षण दूसरी महिला द्वारा या उसकी निगरानी में ही किया जाना चाहिए यह नए प्रावधान महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं।

शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाने पर अब क्या होगी सजा जानिए (bns)सेक्शन 69

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए क़ानूनों का मसौदा पेश करते हुए कहा था कि भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए खास कदम उठाए गए हैं।

IPC vs BNS

शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाने को अब सेक्शन 69 bns मैं देखा जाएगा

अदालतों के सामने 'शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाने' के मामले आते रहे हैं। इस तरह के केस में लड़का और लड़की रिलेशनशिप में होते हैं, इस दौरान उनके (physical relationship ) बन जाता है। बाद में जब दोनों का किसी वजह से संबंध टूट जाता है, तब लड़की द्वारा कोर्ट में 'शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाने' का केस जाता है।

आईपीसी ipcमें यह अपराध इस रूप में व्यक्त किया गया था लड़के ने सिर्फ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झूठा वादा किया तो उसे सेक्शन 375 या सेक्शन 90 के तहत दंडनीय अपराध माना जाता था। गौरतलब है कि भारतीय दंड संहिता (IPC) में धारा 375 बलात्कार के अपराध को परिभाषित करती है और उसके लिए सजा निर्धारित करती है। धारा 375 के तहत बलात्कार का दोषी पाए जाने पर दो से पांच वर्ष की कैद या आजीवन कारावास की दी जा सकती है, जो कि अपराध की गंभीरता पर निर्भर करता है। वहीं सेक्शन 90 में धोखाधड़ी से सहमति लेने के अपराध को परिभाषित किया गया है।



लेकिन अब इस तरह के अपराध को भारतीय न्याय संहिता bns में 69 में देखा जाएगा

BNS

भारतीय न्याय संहिता bns 2023 के सेक्शन 69 में प्रमुख रूप से'शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाने' के अपराध को deal किया गया है।

1.सेक्शन 69 के तहत अगर किसी महिला के साथ शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना 2,नौकरी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना 3,प्रमोशन का लालच देकर या पहचान छिपाकर यौन संबंध बनाया जाता है, तो उसे अपराध माना जाएगा।

यदि (bns 69)सेक्शन के तहत अगर दोष साबित होता है तो 10 साल तक की कैद और जुर्माना का प्रावधान रखा गया है। राजद्रोह कानून खत्म हुआ या नए रूप में और मजबूत होकर आया है? जानिए क्या कहता है प्रस्तावित कानून

CJI चंद्रचूड़ का वह फैसला

प्रमोद सूर्यभान पवार बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि यह जरूरी तो नहीं कि लड़का या लड़की हर बार जब शारीरिक संबंध बनाते हुए यह ध्यान रखते हो कि उनकी एक दूसरे से शादी होने वाली है। यौन संबंध के पीछे रोमांटिक रिलेशनशिप भी हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को आधार बनाकर कई उच्च न्यायालयों ने ऐसे मामलों में लड़कों को बलात्कारी मानने से इनकार कर दिया। इसी साल उड़ीसा हाई कोर्ट ने कहा था कि शादी के बहाने शारीरिक संबंध बनाने को rape से जोड़ना गलत हैं।

# महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों में साइबर क्राइम की एक समस्या भी एक बड़ी समस्या बन गई है की साइबर क्राइम की समस्या से निपटने और महिलाओं के खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए इन विकल्पों का उपयोग किया जा सकता है:-

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (National Cyber Crime Reporting Portal):

[वेबसाइट: cybercrime.gov.in]

यह एक भारत सरकार द्वारा स्थापित पोर्टल है जहाँ कोई भी साइबर अपराध, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों, की शिकायत दर्ज और उसकी जांच कर सकता है।

यह पोर्टल 24×7 उपलब्ध है और शिकायत दर्ज कराते समय पहचान को गुप्त भी रखा जा सकता है। तथा पहचान को सार्वजनिक भी किया जा सकता है यह condition पर निर्धारित करता है ,कंप्लेंट की पहचान सार्वजनिक करनी है या गुप्त करनी है।

**नजदीकी स्थानीय थाना में आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं स्थानीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन-** भारत के हर राज्य और जिले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन होते हैं। महिलाओं को इन पुलिस स्टेशनों में जाकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज करने के यह सबूत होना अनिवार्य है ( के सबूत जैसे ईमेल, मैसेज, सोशल मीडिया प्रोफाइल आदि) के साथ जाना चाहिए।

**राष्ट्रीय महिला आयोग-** NCW द्वारा भी महिलाओं के प्रति होने वाले साइबर क्राइम के अपराधों की रिपोर्ट दर्ज करता है तथा महिलाओं की इसमें मदद करता है महिलाओं के प्रति खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों को भी देखता है और महिलाओं की मदद करता है। आप NCW को अपनी शिकायत ऑनलाइन या ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

### ( 1091 महिला हेल्पलाइन)

आप 1091 महिला हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल करके साइबर अपराध के बारे में जानकारी दे सकती हैं और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं।

**स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कर सकती हैं-** किसी भी नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करा सकती हैं। पुलिस आपकी शिकायत को संबंधित साइबर क्राइम सेल को भेजेगी। तथा आपकी शिकायत पर उचित कार्रवाई की जा सके तथा पुलिस व साइबर क्राइम को आपकी कंप्लेंट के आधार पर उचित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए जा सके शिकायत दर्ज करते समय यह ध्यान रखें की जितनी जल्दी हो सके महिला अपने प्रति होने वाले साइबर क्राइम के अपराधों की कंप्लेंट जल्द से जल्द दर्ज करवा सके ताकि अपराधी जल्द पकड़ा जा सके तथा आपके सबूत नष्ट ना हो सके , ताकि अपराधी को सख्त सजा मिल सके।



चलो चलें दिक्षा भूमि नागपुर
मानवता जहां मिलता भरपूर ।
समता ,प्रेम , बंधुता का संगम
उंचनीच का नही कोई दस्तूर ।

-हरीश पांडल
विचार क्रांति




महान समाज सुधारक, महान राजनीतिक

भारत के दबे कुचले समाज , शोषित , पीड़ित वर्ग को जगाने वाले व समस्त बहुजन समाज को शासक बनाने वाले, अम्बेडकर साहब के मिशन को घर घर तक पहुंचाने वाले उनके सच्चे प्रतिनिधि मान्यवर साहब कांसीराम जी के परिनिर्वाण दिवस पर शत शत नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।

# सरकार की दोहरी शिक्षा नीति गरीब वर्ग के लोगों के खिलाफ : जियालाल प्रदेश प्रभारी

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार**
**भोपाल**

भोपाल। चैत बुद्ध विहार भैया साहब, सैकंड स्टाफ, पंचशील नगर भोपाल में एक शाम बाबा साहब के नाम का आगाज बुद्ध वंदना के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बहुजन समाज पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी श्री जियालाल जी की उपस्थिति में केडर केम्प के दौरान उन्होंने बताया कि आज भोपाल राजधानी जैसे शहर में एक महिने में तीन बच्चीयों के साथ दुष्कर्म होना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्ची कन्या स्वरूप का ढोंग किया जाता है। वही तीन साल की बच्ची के साथ निंदनीय कृत्य होने शासन, प्रशासन पर साबालिया प्रशन खड़ा होता है। श्री जियालाल जी ने सरकारी शिक्षा नीति और उनकी मंशा सहित सरकार की शिक्षा के नीति को विस्तार से बताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी ने कानून बनाते समय बिना भेदभाव किये सभी को सामान्य शिक्षा नीति का नियम लागू किया था। जिसके माध्यम से गरीब से लेकर सेठ साहूकार या नौकरी पेशा वालों के बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षा लेकर सामान्य रूप से पढ़े। लेकिन सरकार की मंशा गरीब बच्चों को बेरोजगार, बनाने की है। जिसके तहत स्कूलों में माध्यान भोजन, साइकिल वितरण, शाला गणवेश देकर इसी में गरीबों के बच्चों को उलझाने की है। तथा बताया है कि गरीबों के बच्चों के पर्याप्त पढ़ाने हेतु शिक्षकों का आज भी अभाव है। कक्षा पहली से आठवीं तक के गरीब बच्चों को बिना परीक्षा के पास करके उनका भविष्य चौपट किया जा रहा है। वही अमीर लोगों के बच्चों के लिए प्राईवेट स्कूलों के संचालन कर उन्हें ठीक से शिक्षा देकर गरीबों का आहित किया जा रहा है। पूरे देश में बड़े महंगी फीस के स्कूलों की मान्यता देकर गरीबों के साथ बहुत अन्याय किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप आज बेरोजगारी चरम पर है। अत~ सरकार की शिक्षा नीति के खिलाफ नागरिकों को आवाज उठानी चाहिए। तथा सभी नागरिकों को बराबरी के साथ सरकारी मुफ्त शिक्षा दी जाये जहां विधायक, सांसद, इंजीनियर, डॉ. आईएएस, आईपीएस सभी के बच्चे सरकारी स्कूलों में अध्ययन करेंगे तो निश्चित रूप से शिक्षा बराबरी की होकर सभी का भला होगा। बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों की विचारधारा को फैलाने के लिए सामाजिक केडर लगाये जाते है। जिसमें नर्मदापुरम जिले के पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेश आर्य ने भी बहुजन समाज में जन्म संतों, गुरुओं, महान क्रांतिकारी के रास्ते पर चलने हेतु लोगों से अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि आज तक की जो भी सरकारें रही है। उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के महापुरुषों को दबाने, छुपाने का काम किया है। ऐसा ही श्री आर्य ने उदाहरण देते हुए बताया है कि बहुजन समाज में जन्मे मध्यप्रदेश के महान क्रांतिकारी एवं देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से अपनी जान की बाजी लगाने वाले अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के नगर चीचली के थे। जिन्होंने गोंडवाना राजा के राजमहल की सुरक्षा करते हुए गांव से खदेड़ कर विजय श्री प्राप्त की थी। ऐसे हमारे वर्ग के महापुरुष को आज तक राष्ट्रीय शहीद का दर्जा नहीं दिया। ऐसे कांग्रेस व बीजेपी की मानसिकता है। संगोष्ठी में अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया वरिष्ठ पत्रकार ने भी अपने वक्तव्य देते हुए अपना परिचय दिया कि मैं मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के एकमात्र शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी का पौता हूँ।

मेरे दादा जी ने सन 1942 में अंग्रेजी सेना से युद्ध किया और अंग्रेजों की प्रताड़ना से शहीद हुए। लेकिन जातिगत भेदभाव रखने वाले कुठित मानसिकता रखने वाले नेताओं ने हमारे दादाजी का नाम छुपा कर हमारे साथ ही नही सम्पूर्ण बहुजन कौम के साथ अन्याय किया है। मेधोनिया ने समस्त बहुजन समाज का आभार व्यक्त करते हुए अपील की है कि सभी सामाजिक नागरिक जन अमर शहीद वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी के समान हेतु आवाज उठायें और समाज को जागरूक करें। संगोष्ठी में अनेक बुद्धिजीवीयों की उपस्थिति रही।




# श्रीफल और जनेऊ के साथ विप्र समाज मे सदस्यता अभियान का हुआ शंखनाद

**अनूपपुर।** विप्र समाज के सदस्यता अभियान हेतु नवाचारी बैठक राम जानकी मंदिर अनूपपुर में वृहद संख्या में उपस्थित होकर वरिष्ठ विद्वान,समर्पित विप्रजनों द्वारा भगवान परशुराम के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ।जिसमे आगामी कार्य योजना क्रियान्वयन हेतु सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव उत्साहपूर्वक पारित किया गया।

**योजनाबद्ध तरीके से सदस्यता अभियान:** अनूपपुर में विप्र समाज के सदस्यता अभियान संबंधी बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि सदस्य अभियान का आगाज अमरकंटक से सर्वप्रथम पवित्र सलिला मां नर्मदा के पूजन दर्शन उपरांत मंदिर ,मठ के मठाधीशों से आशीर्वाद लेकर प्रारंभ किया जाएगा।वहा से वापस आकर राजेंद्रग्राम विप्र समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थल पर सदस्यता अशोक पांडे एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा।सदस्यता हेतु इस अभियान कार्यक्रम में सुंदर काण्ड तथा हनुमान चालीसा के सस्वर पाठ होगे।बैठक भाषण परामर्श से न होकर परिचर्चा पद्धति से होगा ताकि समय का समुचित उपयोग हो सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सुरेंद्र कुमार मिश्रा तथा मंच संचालक पंडित सुरेंद्र शुक्ला ,जिलाअध्यक्ष आर्यावर्त ब्राह्मण समाज चैतन्य मिश्रा ,अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज परिषद विद्याधर पांडे एवं संयोजक मानस मर्मज्ञ रामनारायण द्विवेदी एवं उपस्थित विप्रो से चर्चा एवं अनुमोदन कर अभियान को आगे बढ़ाया गया। पंडित श्रीनिवास तिवारी द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। पंडित चैतन्य मिश्रा ने मुख्यालय में कुछ स्थान निश्चित कर सदस्यता अभियान चलाए जाने की बात कही।

**ग्यारह हजार विप्र परिवार जोड़े जाने का लक्ष्य:** सदस्यता अभियान की बैठक में विप्र समाज के संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी ने स्पष्ट करते हुए कहा कि परिवार प्रमुख को नारियल जनेऊ देने के बाद उसका पूरा परिवार सदस्य होगा।इस प्रकार पूरा परिवार समाज में सम्मिलित होगा जो की हमारे सुख दुख में शामिल होगे।



**शंकराचार्य/धर्माचार्यों से सम्मति अनुज्ञा अनुरोध किया जायेगा:** सदस्यता अभियान बैठक में आगे पंडित राम नारायण द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इस पूरे सदस्यता अभियान की जानकारी श्री विभूषित चारो पीठों के शंकराचार्य एवं धर्माचार्यों को देते हुए उनके आशीष की सफलता की आकांक्षा किया जायेगा।

**राजनीति से हटकर चंदा रहित विप्र संगठनों से चर्चा:** विप्र समाज के सदस्यता अभियान की बैठक में सबसे मुख्य विषय को सदन में रखते हुए एक स्वर से प्रस्ताव पारित किया गया कि गैर राजनीतिक एवं चंदा रहित संगठनों से सहयोग लिया जाएगा।आयोजन की गरिमा और विशालता को समझते हुए जो उपस्थित नही हो पाए उनसे लगातार संपर्क किया जा रहा है।

**जिला स्तर पर समिति का हुआ गठन:** विप्र समाज की बैठक में जिला स्तर पर समिति गठित की गई जिसमे पंडित रामनारायण द्विवेदी , पंडित कमलेश द्विवेदी ,पंडित चैतन्य मिश्रा ,पंडित संतोष मिश्रा ,पंडित संजय मिश्रा ,पंडित बाबूलाल पाठक ,पंडित,मधुकर चतुर्वेदी ,पंडित शेष नारायण शुक्ला एवं पंडित विद्याधर पांडे जो कि जिला स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान करेगे।

**विप्रजनों ने सदस्यता नारियल जनेऊ किया समर्पित:** सदस्य अभियान में सदस्यता हेतु पंडित रामनारायण द्विवेदी ,चैतन्य मिश्रा ,विद्याधर पांडे ,जगन्नाथ मिश्रा ,रामशरण शर्मा ,बिहारीलाल ,मधुसूदन द्विवेदी ,सुरेंद्र शुक्ला ,जितेंद्र पाण्डेय ,राजमणि पाण्डेय , पंडित कमलेश द्विवेदी ,आर पी गौतम ,मधुकर चतुर्वेदी ,रोहिणी तिवारी ,सुधीर द्विवेदी ,श्रीनिवास तिवारी ,देवानंद शुक्ला , बी एल पाठक ,अनिल कुमार मिश्रा ,दिनेश मिश्रा ,विजय पांडे ,जय प्रकाश पांडेय जी,अवधेश सिंह तिवारी ,संदीप मिश्रा ,संजय मिश्रा ,अयोध्या तिवारी ,ब्रम्हानंद गर्ग ,अमित मिश्रा , डी पी मिश्रा आदि ने श्रीफल और जनेऊ किया समर्पित।

### सशक्त महिला विप्र समाज का गठन

विप्र समाज के सदस्यता अभियान हेतु आयोजित बैठक के उपरांत उपस्थित समस्त विप्र जनो द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि योजनाबद्ध तरीके से सदस्यता अभियान उपरांत सशक्त महिला विप्र समाज का गठन भी किया जायेगा।

### विप्र भेट समारोह का होगा आयोजन

अनूपपुर में आयोजित बैठक में विप्र समाज के विभिन्न संगठनों के उपस्थित अध्यक्ष और सदस्य द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी भगवान परशुराम जयंती पर विशाल रूप में विप्र भेट कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# शारदीय नवरात्रि पंचमी को शा.प्रा.पाठ.जमुनिया में कन्या भोज का हुआ आयोजन



**अनूपपुर।** जिले के संकुल उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक अनूपपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पाठशाला जमुनिया में शारदीय नवरात्रि की पंचमी के शुभ अवसर पर माता स्कंदमाता के पूजन के उपलक्ष्य पर मातृशक्ति के रूप में कन्याओं को मध्यांतर के समय कन्या भोज के रूप में विद्यालय में नवाचार करते हुए अध्यनरत समस्त बालक बालिकाओं को माता रानी के जयघोष के साथ ही हलवा,पूरी सब्जी,केला,मिष्ठान का भोजन के रूप में भरपेट प्रसाद का वितरण किया गया।तदोपरांत समस्त प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों और छात्राओं का चरण स्पर्श कर भेट स्वरूप गिलास और दक्षिणा भी प्रदान किया गया। इस नवाचार से विद्यालय के बच्चों में बहुत उत्साह देखने को मिला माता भवानी से प्रार्थना किया गया कि बच्चों के शिक्षा में निरंतर प्रगति हो, स्वास्थ्य रहे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उक्त आयोजन में संकुल प्राचार्य एस.एल. बहेलिया,व्याख्याता राकेश कुमार बाधवा,उच्च.माध्य.शिक्षक अर्चना मिश्रा ,सहायक शिक्षक जयमंती धुर्वे,सृष्टि लता खलको,माध्यमिक शिक्षक रमाकांत द्विवेदी,संपत मिश्रा,स्नेहा,पूनम कुशवाहा,हेतराम साहू,जन शिक्षक संजय नामदेव, रामप्रकाश पटेल एवं रसोइया सुभद्रा कहार आदि द्वारा संपन्न कराया गया।


# भगवा पार्टी की शिकायत को अगर जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया होता, तो गुजरात पुलिस की जगह मध्यप्रदेश शासन द्वारा कार्यवाही की जाती- कमलेश द्विवेदी

### भोपाल में 1,814 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश का मामला

**अनूपपुर-** भारतीय गण वर्ता पार्टी (भगवा पार्टी) अनूपपुर के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भोपाल में 1814 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दा पास मध्य प्रदेश सरकार की ड्रग्स नीति की पोल खोल कर रख दी है क्योंकि अगर भारतीय गण वार्ता पार्टी के द्वारा भोपाल जिला प्रशासन को पहले ही अगाह किया गया था कि उक्त फैक्ट्री में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है जिस पर अगर कार्रवाई की गई होती तो शायद गुजरात पुलिस को आकर इस फैक्टरी पर कार्रवाई करने की जरूरत नहीं पड़ती और मध्य प्रदेश के कानून व्यवस्था पर एक दाग नहीं लगता ज्ञात हो की गुजरात की पुलिस के द्वारा भोपाल में 1814 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफास करने से चार दिन पहले ही फैक्ट्री की प्रदूषण और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर कार्यवाही के लिए भोपाल जिला कलेक्टर भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने भोपाल कलेक्टर पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की थी भोपाल में 1,814 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री का खुलासा पूरे देश को हिला देने वाला है। गुजरात एटीएस और दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई में बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र स्थित इस फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में ड्रग्स और कच्चा माल जब्त किया गया। जांचकर्ताओं के अनुसार, इस ड्रग्स से 18 लाख से ज्यादा युवाओं को नशे की लत लगाई जा सकती थी। गुजरात एटीएस ने नासिक के सान्याल बाने, भोपाल के अमित चतुर्वेदी और मंदसौर के हरीश आंजना को गिरफ्तार किया है। सान्याल पहले से ही ड्रग्स मामले में सजा काट चुका था और कुछ समय पहले ही जेल से बाहर आया था। इस फैक्ट्री में इंदौर और उज्जैन से आए कच्चे माल से प्रतिदिन 25-30 किलो ड्रग्स तैयार किया जा रहा था।जांच में यह भी सामने आया कि फैक्ट्री का वेंटिलेशन सिस्टम असामान्य था, जिसने जांच टीम के शक को बढ़ाया। गुजरात एटीएस की टीम ने फैक्ट्री पर एक महीने तक निगरानी रखी, जिसके



बाद छापेमारी की गई। इस ऑपरेशन से पहले भगवा पार्टी ने फैक्ट्री के संदिग्ध गतिविधियों और प्रदूषण को लेकर चार दिन पहले ही भोपाल जिला कलेक्टर को पत्र लिखा था। अनूपपुर जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने बताया कि अगर जिला प्रशासन ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया होता, तो मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा ही इस फैक्ट्री पर कार्रवाई की जा सकती थी। उन्होंने इसे भोपाल प्रशासन की बड़ी चूक बताते हुए इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। यह ऑपरेशन भोपाल और पूरे देश में अवैध ड्रग्स के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्यवाही है, लेकिन इस फैक्ट्री की संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते ध्यान न दिए जाने के कारण प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता पर सवाल उठे हैं। वही भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर प्रदेश की सरकार पहले जाग जाती तो मध्य प्रदेश के मुंह में यह कालिख पुतने से बच जाती।



भगवा पार्टी
भारतीय गण वार्ता पार्टी

पंजी क्र. : 56/141/2022-23

फोन : 0755-4058751,
मो.: 9340110436,
9893451772, 6261335799

पं. शिवकुमार भार्गव
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय गण वार्ता पार्टी
(भ ग वा पार्टी)

क्रमांक 03
दिनांक 03 03/10 24 भगवा

प्रति,

जिला अध्यक्ष ( कलेक्टर )
भोपाल,
मध्यप्रदेश

विषयः- ग्राम पंचायत बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र फैल रहे प्रदूषण को जनहित में रोकने हेतु त्वारित कार्यवाही करने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत अनुरोध है कि ग्राम पंचायत बगरोदा में हो रहे प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुये खबर खालसा द्वारा पत्र प्राप्त हुआ, उपरोक्त संलग्न पत्र का अवलोकन कर उक्त प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जनहित में तत्काल कार्यवाही करने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

भवदीय
भारतीय गण वार्ता पार्टी
प्रदेश अध्यक्ष

कलेक्टर, जिला-भोपाल

प्रदेश कार्यालय : फ्लैट नं.2, 140-सी इन्द्रपुरी, आसमा आपार्टमेंट
राष्ट्रीय कार्यालय : जी-18, सांची कॉम्पलेक्स, शिवाजी नगर, बोर्ड ऑफिस के सामने, भोपाल
वेबसाइट : www.bhagvapart.oryg, www.bhagvaparty.com
ईमेल: mp_gca@rediffmail.com, info@govttender.co.in, bhagavaparty@gmail.com

# ब्यौहारी में बढ़ता गुंडागर्दी का माहौल





**शहडोल/ब्यौहारी -** आपको बता दे कि कल दिनांक 10/10/2024 को ब्यौहारी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरहा टोला के बिजहा गांव में वीरू सोनी पिता रामसुमीरान सोनी (मुंडाली)ने कई लोगो को मार कर घायल कर दिया। जिसमें सबसे पहले रजनीश पटेल पिता रामनेवाज पटेल को जमीनी विवाद के कारण मारा उसके बाद अंगद पटेल पिता महेश पटेल को बकरी ले कर रास्ते से जा रहे था तभी बकरा को बेवजह बात पर वीरू सोनी ने 2,3 लट्ठ मार दिया। जब वही पर खड़े अंगद पटेल ने मारने का कारण पूछा तो अंगद को भी कई लाठी मारा और गाली देते हुए जान से मारने की कोशिश भी की और धमकी भी दिया इसके बाद भी कुछ लोगो को भी मारा जिससे ग्रामीणओं में डर का माहौल बना है जिसकी वजह से ग्रामीण एफआईआर कराने से भी कतरा रहे हैं लोगो ने द्वारा 100 डायल करके पुलिस विभाग को सूचना दी गई। इसके बाद फरियादी अंगद पटेल ब्यौहारी थाना जाकर मौखिक नामजद एफआईआर दर्ज कराई जिसमें निम्न धाराएं लगी हुई हैं इसके बाद रजनीश पटेल भी ब्यौहारी थाना जाकर एफआईआर नामजद एफआईआर दर्ज कराई।

# स्टेयरिंग फेल होने से स्कूल वैन पलटी बच्चे घायल

**ज्ञान चन्द शर्मा**

वारासिवनी। थाना क्षेत्र अंतर्गत खापा और मेहदीवाडा के बीच गुरुवार को एक स्कूली वैन की स्टेयरिंग फेल होने से सड़क किनारे पलट गई हालांकि इस घटना मे किसी को गंभीर चोट नही आई है वारासिवनी थाना प्रभारी विभेदु व्यकट टाडिया ने बताया है कि सुबह लगभग 9/10 बजे भारतीय विधापीठ स्कूल के बच्चे वैन मे स्कूल जा रहे थे तभी स्कूल वैन मे बच्चे शिक्षक और चालक लगभग 24 लोग मौजूद थे जो स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उत्तर गई जिसमे कक्षा1से 5वी तक के बच्चे थे घटना मे छात्र आयुष छात्रा प्रज्ञा प्रिया आराध्या और काव्या को मामूली चोट आई है तालाब मे डूबी बालिका मौत बालाघाट वारासिवनी थाना पुलिस ने तालाब मे डूबने से बालिका की मौत के मामले मे मर्ग कायम किया हारिशा पिता आशिद अली 16 वर्ष वार्ड.न 10 अंबेडकर निवासी की नेवरगांव तालाब मे डूबने से मौत हो गई है।

# दो एसडीएम सहित 6 विभाग प्रमुखो को नोटिस जारी

**ज्ञान चन्द शर्मा**

बालाघाट। दो एसडीएम समेत 6विभागो के प्रमुखो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए है कलेक्टर मृणाल मीणा ने सीएम हेल्पलाइन पोटल ओर प्राप्त होने वाली शिकायतो के निराकरण न करने के मामले मे यह कदम उठाए है ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मीणा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतो की प्रति सप्ताह समीक्षा करते है शिकायतो के निराकरण के संबंध मे बार बार निदेशित करने के बावजूद शिकायतो का समय सीमा मे प्रभावी निराकरण नही करने पर यह कार्रवाई की गई है शिकायतो के निराकरण नही करने पर बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी व वारासिवनी एसडीएम आर आर पांडे तथा पशुपालन विभाग के उपसचालक डॉ प्रदीप कुमार अतुलकर जिला शिक्षा अधिकारी अश्रिनी उपाध्याय जिला परियोजना अधिकारी डॉ महेश शर्मा खाध आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल जिला योजना अधिकारी बलवत रहगडाले और जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गडपाले को नोटिस जारी किए गए है।

# लामता क्षेत्र मै मादा तेंदुए की आहट से दहशत मै गामीण

**ज्ञान चन्द शर्मा**

बालाघाट। जिले के लामता अंतर्गत सुदामापुरी मे लगभग 15 दिन से तेंदुए के दिखाई देने से ग्रामीण दहशत मे है ग्रामीणो की माने तो प्रतिदिन तेंदुआ को बालाघाट से नैनपुर नेशनल हाईवे मे देखा जा रहा है लामता के एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे मे तेंदुए की तस्वीर कैद हुई है जिसका वीडियो वायरल होने के बाद लोगो ने इसकी सुचना वन विभाग को भी दी है चूंकि रात मे कमी यहा रहते है जिससे कभी भी तेंदुए के हमले की घटना हो सकती है ग्रामीणो का कहना है कि वनविभाग को रात्रि गश्त कर तेंदुए को जंगल मे भेजना चाहिए ताकि नागरिक सुरक्षित रह सके वन क्षेत्र उत्तर लामता मे तेंदुए के दिखाई देने की घटना पर परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार नामदेव बताते है कि लामता मे तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली है विगत सात आठ माह से मादा तेंदुआ अपने दो शावको साथ रेज मे घूम रही है जो पहले क्षेत्र के अरनामेटा चागोटोला और नगर वाडा मे दिखाई दी थी जहा पिंजरा और मुनादी कराए जाने के बाद पटाखे फोड़ जाने से वह अब लामता मे आ गई है विभाग लगातार गश्त कर लोगो को उससे बचाव के लिए जागरूक कर रहा है उसे फटाखे फोड़कर भगाने का किया जा रहा है जिससे वह शावको के साथ जंगल की ओर चले जाए यहा भी पिंजरा लगाकर गश्त की जा रही है लोगो से अपील है कि वह अकेले घुमने या खुले मे शौच करने ना जाए अपने साथ लाठी रखे जनसहयोग की अपेक्षा है चूकि वन्यप्राणी तेंदुआ स्वभाव से हिंसक होता है कुछ समय बाद वह चला जाएगा।

# आग की लपटों से घिरी कार,चालक ने फुर्ती दिखाकर बचाई अपनी जान, पुल पर दिखा खौफ़नाक नज़ारा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

कुछ दिनों से पूरे भारत में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वाइरल हो रहा है जिसे देखकर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वाइरल वीडियो में एक पुल के ऊपर एक कार जो भीषण आग की लपटों से घिरी हुई है और अपने आप चलती हुई दिखाई दे रही है जिसे देखकर आसपास उपस्थित लोग दहशत में आ गए हैं। इस दौरान वहाँ पर मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाईल फोन द्वारा इस घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वाइरल हो गया। गनीमत रही की कार में मौजूद चालक ने समय पर कार का हेंडब्रेक लगाया और जलती हुई कार से कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन चौंकाने वाली बात ये है की चालक के द्वारा कार के हेंडब्रेक लगाने के बावजूद कार दुबारा सड़क पर चल पड़ी जिससे सड़क पर उपस्थित लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे घटना में एक मोटर साइकिल जलती हुई कार की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई सूत्रों के अनुसार वीडियो जयपुर का बताया जा रहा है। दरअसल वाइरल वीडियो में नज़र आ रही कार में आग लगने का कारण कार की तारों में शॉर्ट सर्किट



होना बताया जा रहा है।जल्दी ही आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया भाग्यवश कार में चालक के अलावा कोई और लोग नहीं थे। अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। कुछ दूर चलने के बाद कार डिवाइडर से टकराकर रुक गई।

# सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने पर डीजे संचालकों के विरूद्ध भोपाल पुलिस की कार्यवाही

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**









नवरात्रि एवं दशहरे के दौरान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाईडलाइन एवं दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वाले 91 डीजे संचालकों के विरूद्ध भोपाल पुलिस ने की कानूनी कार्यवाही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा- निर्देशों के पालन में एवं मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार शहर के सभी डीजे संचालकों की कमिश्नर कार्यालय सभागार एवं सभी थानों में बैठक आयोजित कर ध्वनि संबंधी माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया था कि त्यौहारों के दौरान सभी संचालक नियत समय एवं निर्धारित डेसीबल में ही डीजे का संचालन करेंगे, जिसके उपरांत सभी थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के डीजे संचालकों के खिलाफ बाउंड ओव्हर की कार्यवाही की गई थी।

उपरांत त्यौहारों के दौरान भी संचालकों को बार-बार समझाइश दी गई कि डीजे नियत समय सीमा तक एवं निर्धारित डेसीबल में ही संचालित करें। त्यौहार के दौरान पुलिस द्वारा उनकी सख्त निगरानी गई एवं डीजे की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई तथा दिशा-निर्देशों का पुलिस द्वारा बार-बार समझाइश के बाद भी उल्लंघन करने वाले कुल 91 डीजे को चिन्हित कर संचालकों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 223, कोलाहल अधिनियम की धारा 7/15 एवं वाहन के मूल स्वरूप को बदलकर डीजे वाहन बनाने के कारण मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओ के तहत कानूनी कार्यवाही की गई है।उल्लेखनीय है कि डीजे के अत्यधिक शोर से वृद्ध, बीमार एवं आम नागरिकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा एवं पुलिस को भी शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में भी काफी दिक्कत हुई। उपरोक्त कार्यवाही आगामी समय में भी जारी रहेगी। उक्त सभी डीजे को जप्त कर माननीय न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**





गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर मानसिक रोग विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षकों, नर्सिंग टीचर्स, मेडिकल एवं नर्सिंग छात्रों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मेडिकल के छात्रों द्वारा मानसिक रोगों के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसमें सन्देश दिया गया कि मानसिक रोग उपरी हवा या भूत प्रेत कि वजह से नहीं होते। मानसिक रोग होने पर मनोचिकित्सक द्वारा मनोवैज्ञानिक एवं दवाओं के माध्यम से उपचार करवाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाते हुए सभी को प्रसन्नचित्त रहते हुए कार्यस्थल पर कार्य करने का सन्देश दिया। नुक्कड़ नाटक के पश्चात मानसिक रोग विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम - कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय यही है, पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में विभाग द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों कि सराहना की एवं वर्क-कल्चर बेहतर होने कि जरूरत पर बल दिया। मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के इतिहास एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 13.9त्न आबादी मानसिक रोग से ग्रस्त है, पर जागरूकता के अभाव में ट्रीटमेंट गैप 90त्न से भी अधिक है। उन्होंने मानसिक रोगों से बचाव एवं उपचार के तरीके बताये। सह-प्राध्यापक डॉ. रूचि सोनी ने अपने व्याख्यान में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने के गुर बताये ।विभाग की सहायक प्राध्यापक ने मानसिक रोगों के लक्षण बताये जिससे मानसिक रोगों कि समय रहते पहचान हो सके एवं रोगी को त्वरित उपचार उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के अंत में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन कम्पटीशन के विजेता छात्रों एवं नुक्कड़ नाटक के सहभागियों को विशिष्ट अतिथि, हमीदिया चिकित्सालय के अधीक्षक द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये।

# दिनदहाड़े हो रहा रेत का अवैध खनन

**रिपोर्ट-राजू राय**



**शहडोल।** जिले में अवैध उत्खनन कर परिवहन जोरों शोरों पर चल रहा है। अब तो दिनदहाड़े माफिया रेत और मिट्टी का खनन कर परिवहन कर रहे हैं, जिसका वीडियो सामने आया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के चौकी झींक बिजुरी के गौशाला के समीप दिनदहाड़े जेसीबी लगाकर ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौकी प्रभारी की शह पर यह काला कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। झींक बिजुरी के गौशाला के समीप मिट्टी का अवैध खनन करने का वीडियो सोशल मीडिया में खूब सुर्खियां बटोर रहा है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम ने कहा कि पुलिस की शह पर यह काला कारोबार किया जा रहा है। जिसका युवा कांग्रेस विरोध करती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में सड़क निर्माण हो रहा है, जिसके लिए स्थानीय कुछ माफियाओं के द्वारा गौशाला के समीप जेसीबी लगाकर दिनदहाड़े ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी का खनन कर परिवहन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी चौकी प्रभारी एवं खनिज विभाग को दी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञात हो कि यह वही चौकी प्रभारी हैं, जिनका एक ऑडियो बीते कुछ दिनों पहले वायरल हुआ था। जिसमें वह गांव के एक युवक से मुर्गे की मांग कर रहे थे। ऑडियो ने कुछ दिन पहले पुलिस की छवि को धूमिल की थी, लेकिन अधिकारियों ने चौकी प्रभारी पर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री गौतम ने कहा कि ऑडियो वायरल होने के बाद भी कार्रवाई न होने से चौकी प्रभारी के हौंसले और बुलंद हो गए, अब तो वह दिनदहाड़े खुलेआम रेत व मिट्टी का खनन करवा कर परिवहन करवा रहे हैं और माफिया से हर महीने मोटी रकम ले रहे हैं।


फाइल फोटो

# सौ दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण अति शीघ्र सुनिश्चित करने का साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिया निर्देश




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों और समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा कर उनका समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। उन्होंने विशेष रूप से 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का उल्लेख करते हुए उनका निराकरण शीघ्र-अति शीघ्र सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। कलेक्टर ने राजस्व अभियान में आई प्रगति की सराहना की और अधिकारियों को इसे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, अवैध कॉलोनियों से संबंधित प्रकरणों पर कड़ी नजर रखते हुए, इनका शीघ्र निपटारा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध कॉलोनियों के मामलों की प्रभावी निगरानी और समाधान के लिए एक 'कॉलोनी सेल' का गठन किया जाए, जिससे इस प्रकार के मामलों का उचित और समयबद्ध समाधान हो सके। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के बाहर न जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि प्रत्येक विभाग अपनी-अपनी योजनाओं और प्रकरणों की नियमित समीक्षा करे और प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इसके साथ ही माता- पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि लोक कल्याण शिविरों में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है और इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम राहत मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जोर देकर कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीक़े से किया जाये, जिससे जनता तक इनका लाभ प्रभावी रूप से पहुँचे और जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जा सके।

# डंपर की टक्कर से युवक घायल

**ज्ञान चन्द शर्मा**

बालाघाट। लालबर्रा थाना पुलिस ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले मे अपराध पंजीबद्ध किया है पुलिस ने बताया है कि योगेश हरिनखेडे 34वर्ष साहूटोला मांझापुर निवासी ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई है जिसमे उसने बताया है कि डंपर क्रमांक एमपी 22 जेइसी5053 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारी है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है पीडित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शराब डंपर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले मे विवेचना मे लिया है।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**शहडोल –** सहायक संचालक खेल श्री रईस अहमद ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता शहडोल जिले के बुढ़ार एवं धनपुरी में आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला ग्वालियर वर्सेस भोपाल एवं तीसरे स्थान के लिए उज्जैन का मैच जबलपुर के साथ कल सुबह संपन्न होगा ग्वालियर ने पहले खेलते हुए 121 रन बनाए और 90 रमन में उज्जैन संभाग ऑल आउट हो गई 30 रनों से ग्वालियर ने मैच जीत के फाइनल में प्रवेश किया भोपाल ने पहले खेलते हुए 117 रन बनाए जवाबी पारी में पूरी टीम जबलपुर के 84 रनों पर आउट हो गई और 33 रनों से भोपाल ने मैच जीत के फाइनल में प्रवेश किया। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच 18 अक्टूबर को खेल जाएगा।

# कृष्णा चौधरी ने हॉस्पिटल में जाकर किया रक्तदान

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**



**नर्मदापुरम।** जिले के इटारसी (जुझारपुर) गांव में रहने वाले कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के मीडिया समन्वयक और सामाजिक कार्यों मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कृष्णा चौधरी ने नर्मदापुरम जाकर एक जरूरतमंद को रक्त दान किया है जानकारी के मुताबिक जुझारपुर निवासी कृष्णा ने ?शिवराज अहिरवार निवासी बाबई नर्मदाअस्पताल में भर्ती है उन्हें Ab+ रक्त की अवश्यकता थी और जब कहीं से कोई व्यवस्था नहीं हुई जैसे ही कृष्णा को अवगत हुआ तो नर्मदापुरम पहुंचकर रक्तदान किया कृष्णा ने अबतक 5 बार रक्तदान किया। इससे पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं, और उनके युवा साथियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। कृष्णा चौधरी का कहना है कि जब भी किसी ज़रूरतमंद इंसान को रक्त??की ज़रूरत हो तो, हम सभी लोगों को रक्तदान के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। इस दौरान उनके साथ इस गणेश अहिरवार, मोहित अहिरवार, अरूण अहिरवार, नीतेश अहिरवार, संस्कार अहिरवार, अंकित अहिरवार, नीलेश अहिरवार, अनुरुद्ध पटेल साथ रहे।

# टीवी मुक्त ग्राम पंचायत अवार्ड पंचायत चीकली के साथ अन्य 106 ग्राम पंचायतों को मिला

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**



देवरी। टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत जिले की टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को अवार्ड वितरण समारोह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तथा सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल तथा विधायक डॉ चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत वर्ष 2023 में रायसेन जिले की कुल 107 चयनित टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच तथा सचिवों को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत चीकली से सरपंच श्रीमती किरण देवेंद्र पटेल को भी इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, एएसपी श्री कमलेश कुमार, समाजसेवी श्री राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने हल्के एवं क्षेत्रों में जाएं तहसीलदार- कलेक्टर

**›› राजस्व अधिकारी न्यायालय में बैठने हेतु तय करें दिन- कलेक्टर**

**›› कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक**

**शहडोल –** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व के प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राजस्व विभाग में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए है कि तहसीलदार अपने क्षेत्र व हल्के का भ्रमण करें तथा भ्रमण के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करेंगें। उन्होंने कहा है कि राजस्व के ऐसे प्रकरण जिनमें दोनों पक्ष अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए हैं उन दोनों पक्षकारों से राजस्व अधिकारी स्वयं बात कर दोनों के बीच में समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन हल्के एवं ग्राम पंचायत से ज्यादा प्रकरण हो उन हल्के व क्षेत्र के पटवारी सतत रूप से कैंप लगाकर रजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय में बैठने हेतु दिन तय कर ले एवं तय किए गए दिन को प्राथमिकता के साथ न्यायालय में बैठ कर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने साइबर तहसीलों में तामीली एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त समयावधि पत्रों की भी समीक्षा की। कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कमिश्नर कार्यालय से जितने भी प्रकरण आए हैं उनका निराकरण हेतु तहसीलदार स्वयं संबंधित ग्राम पंचायत में जाएं और प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय को प्रस्तुत करने की कार्यवाही करें। बैठक मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर अंजली, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, ब्योहारी श्री नरेंन्द्र सिंह धुर्वे, जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, श्रीमती ज्योति परस्ते श्रीमती अन्तोनियो एक्का सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# पटवारी अपने हल्के व ग्राम पंचायतों में समस्याओं के निराकण हेतु लगाएं शिविर- कलेक्टर

**विभागीय दौरे के दौरान स्कूल, कालेज, छात्रावास, एवं आंगनवाड़ी का भी निरीक्षण करें अधिकारी- कलेक्टर**

## कलेक्टर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

शहडोल - कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डा. केदार सिंह ने सभी विभागों की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा है कि पटवारी अपने हल्का क्षेत्र व ग्राम पंचायतों में आम जनों की समस्याओ के निराकरण हेतु सप्ताह में 2 दिन शिविर लगाएं। उन्होंने कहा है कि पटवारी शिविर के दौरान आम जनों से प्राप्त शिकायतों एवं समस्यों को अच्छी तरह से समझेंगे तथा उनका निराकरण हेतु उचित कार्यवाही करेंगें। शिविर के दौरान पटवारी खाद्यान्न, पेंशन, बीपीएल संबंधी, नामांतरण, बटांकन, नक्सा तरमीम सहित अन्य शिकायतों के आवेदनों में से राजस्व संबंधी शिकायतों को स्वयं तथा अन्य शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारी को निराकरण हेतु प्रेषित करेगे। उन्होने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए हैं कि वे शिविर लगाने हेतु कार्य योजना बनाएं तथा कार्य योजना बनाकर शिविर लगाने की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे अपने विभागीय दौरे के साथ-साथ छात्रावास, स्कूल, कालेज, आंगनवाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी निरीक्षण के दौरान छात्रावास, स्कूल, कालेज एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में मिलने वाली सुविधाओं, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी लेंगें। बैठक में कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि वे जिले में कुपोषण की बीमारी से प्रभित बच्चों की जानकारी रखे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि कुपोषित बच्चे के सामुदाय की भी जानकारी तथा कुपोषित बच्चे के घर, मोहल्ले एवं गांव का भ्रमण करें तथा उनके खान-पान एवं रहन-सहन को देखें। उन्होने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि महिला बाल विकास विभाग की टीम भ्रमण के दौरान कुपोषण के इलाज एवं इससे बचाव के बारे में भी आमजनों को जानकारी देंगे।


बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें तथा शिकायतों के निराकरण करने की कार्यवाही करे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायत को अधिकारी अटेन्ड करें तथा निराकरण करने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, श्रीमती ज्योति परस्ते, श्रीमती एन्टोनियो एक्का सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





# 20 अक्टूबर रविवार को जिला मुख्यालय रायसेन में सामाजिक कार्यकताओं की विशेष बैठक आमंत्रित है

संवाददाता हल्केवीर



उदयपुरा। भारत रत्न, भारतीय संविधान के जनक, आधुनिक भारत के आर्किटेक्चर, बोधि सत्व, परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के रायसेन, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सागर, विदिशा, सीहोर, भोपाल आदि जिलों के समस्त अनुयायियों को सूचित किया जाता है कि 06 दिसंबर 2024 को जिला मुख्यालय रायसेन में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा की स्थापना के कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 20 अक्टूबर 2024, दिन रविवार को समय दोपहर में 12.00 से 04.00 बजे तक जिला मुख्यालय के डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन रायसेन में विशेष बैठक आयोजित है। उक्त बैठक में प्रशासनिक अधिकारी /कर्मचारी गण, राजनीतिक नेतागण एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी गण विशेष अतिथि रहेंगे। बैठक में प्रतिमा स्थापना के कार्यक्रम की जिम्मेदारियां तय की जायेंगी। अतः बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के समस्त अनुयायियों से विनम्र अपील है कि बैठक में अवश्य पधारें। साधुवाद!!

पत्रकार बंधु अपीलकर्ता- बारेलाल सूर्यवंशी, नागेश नरवरिया, आशीष रजक, संतोष मालवीय, मनोहर डागोर, हल्केवीर सूर्यवंशी, राजेश रजक, कमर राणा, मंगलसिंह चौधरी, तखत सिंह अहिरवार, मिथलेश मेहरा, विमलेश जाटव, मुकेश दिवाकर, विनोद कुमार, हरभजन जांगड़े, सुनील सेरिया

**आयोजक-**

गोटीराम बघेल, बब्लू चौधरी, जगदीश अहिरवार, पप्पू रेवाराम अहिरवार, प्रियंका जाटव, भगवान दास लोहट, एड. मुकेश शाक्या, तनवीर राठौरिया, मुकेश अहिरवार, काशीराम अहिरवार, धनराज सूर्यवंशी, मुकेश कटियार, पूरनलाल अहिरवार, सुरेंद्र अहिरवार, दिनेश बघेल, हेमन्त सहपुरिया, अशोक अहिरवार, कपिल अहिरवार, विश्राम सांगा, पोहप सिंह चौधरी, चैनसिंह सिसोदिया, नितिन रोहर, अंकित डागोर, जी डी बंसकार, भागचंद अहिरवार, रवि मांडरे, कोमल अहिरवार, घासीराम अहिरवार, इंजीनियर मुकेश चौधरी, मोहन जाटव, एड. जितेंद्र मूलनिवासी, डी के बघेल, पंचम अहिरवार, बालकृष्ण नरवरिया, गोपाल केतोघानिया, खेमचंद पारोचे, हल्के भईया अहिरवार, रामकुमार जाटव , हरगोविंद त्रिपालिया, मन्नू लाल चौधरी, कमलेश ठेकेदार, घनश्याम अहिरवार, कुंअर सुरजीत सिंह, मोहन मांडरे, भेरो सिंह अहिरवार, कड़ोरी लाल अहिरवार, दौलत अहिरवार, राजेंद्र अहिरवार बम्होरी, गोपाल सिंह दिवाकर, भगवानदास अहिरवार, गुड्डू अहिरवार, हरी प्रसाद चौधरी, डॉ धर्मेंद्र अहिरवार, माखन सिंह परिहार, मोहन अहिरवार, सुनील वाल्मीकि, राकेश अंबेडकर, इमरत सिंह दरबार, ब्रजेश वामनिया, भगवान सिंह चौधरी, बृजेश चौधरी, रमेश कुमार सहरिया, संतोष चौधरी, रंजीत रसोलिया,

**निवेदक-** रमन बामने मो. 9893804204, अतरसिंह भारतीय मो. 8109583277 एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्ता, जिला रायसेन

# ग्राम हाथीडोल में कोया पुनेम गौंडी धर्म दर्शन का आयोजन

संवाददाता हल्केवीर



**देवरी।** ग्राम हाथीडोल में दिनांक 5/10/2024 से 11/10/ 2024 तक बड़ा देव ठाना सेवा समिति हाथीडोल के तत्वाधान में कोया पुनेम गौंडी धर्म दर्शन का आयोजन किया गया जिसमें कोया पुनेम धर्माचार्य तिरुमल 750 दादा सोहन शाह पंद्र जी द्वारा गौंडी धर्म संस्कृति, गौंडी टोटम, गौंडी सिस्टम, गौंडी पूजन पद्धति एवं गौंडी देव पूजन आदि विभिन्न गोंडी रीति रिवाज से विस्तार पूर्वक बतलाया गया। गौंडी धर्म दर्शन आयोजन में तिरु धर्मवीर राजा साहब चुनहेटिया, तिरु देवेंद्र पटेल विधायक सिलवानी, तिरु शोभाराम उईके अध्यक्ष जनपद पंचायत चावरपाठा, तिरु रोशन लाल धुर्वे जनपद सदस्य उदयपुरा धर्मदास इमने जनपद सदस्य सिलवानी, विजय पटेल जायस अध्यक्ष जिला रायसेन, तिरु सुग्रीव ठाकुर जनपद सदस्य चावरपाठा, अंजना मरकाम अध्यक्ष महिला मोर्चा केजीएम नरसिंहपुर, हाकम सिंह बारिवा अध्यक्ष भोमक संघ रायसेन एवं क्षेत्रीय गौंड समाज आदि श्रोतागण सम्मिलित रहे।

# लोकायुक्त पुलिस की छापा पड़ने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई



**समनापुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जाड़ासुरंग में पदस्थ सचिव मनोज यादव के आवास में आज 16 अक्टूबर की सुबह 5 बजे लोकायुक्त पुलिस की छापा पड़ने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई, लोगों को छापा की जानकारी लगते ही लोग कोतुहल बस घर के बाहर जमा हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज यादव के नियुक्ति को लेकर भी संदेह है, चूंकि मनोज यादव ग्राम पंचायत बम्हनी का मूल निवासी हैं, जबकि इनकी नियुक्ति नियमो को दरकिनार कर ग्राम पंचायत फिटारी में की गई थी, दस्तावेजों के अवलोकन करने पर



साफ नजर आता है कि ग्राम पंचायत के प्रस्ताव में एक ही व्यक्ति, वह भी दूसरे गांव का निवासी है को प्रस्तावित पारित कर धोखाधड़ी कर सचिव के पद पर नियुक्त किया गया था, जिसको लेकर अनेको बार शिकायतें भी हुई लेकिन पैसों के आगे प्रशासन के नियम निर्देश और जांच अधिकारी सब पस्त हो गए फिलहाल ग्राम बम्हनी स्थित आवास में लोकायुक्त पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही हैं, लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े के नेतृत्व में दस सदस्यी टीम कार्यवाही में शामिल हैं,यदि लोकायुक्त पुलिस नियुक्ति की जाँच करें तो बड़ा खुलासा हो सकता है।

# सैकड़ो लोगों ने दी स्वर्गीय श्रीमती हल्की बाई अहिरवार को शोक श्रद्धांजलि।।



संवाददाता हल्केवीर

देवरी। तहसील देवरी के कटक में स्वर्गीय श्रीमती हल्की बाई अहिरवार को सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की दिनांक 16/10/2024 दिन बुधवार को एक शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कटक में किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने उनको शोक श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान पुत्र शंकर लाल अहिरवार, हल्केवीर अहिरवार, बारेवीर अहिरवार, मुनीम अहिरवार एवं देवर रामलाल अहिरवार नाती वीरेंद्र, अरविंद, चमन, मुकेश, रेवाराम लोकमन, दीपक ने भी उनको शोक संवेदनाएं व्यक्ति की।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिवनी जिले के हादसे पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी जिले की लखनादौन तहसील में ट्रैक्टर-ट्रॉली के हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से तीन नागरिकों की करंट लगने से हुई असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पीड़ादायक घटना है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना बाबा महाकाल से की है। इस हादसे में दिवंगत नागरिकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिए गए हैं।

# क्या है,अशोक धम्म विजय दिवस?




अशोक धम्म विजय दिवस एक त्योहार है जो कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक के बौद्ध धर्म में परिवर्तन की याद दिलाता है। इसे धम्म चक्र प्रवर्तन दिन के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है धम्म चक्र प्रवर्तन का दिन। यह हिंदू माह आश्विन के 10 वें दिन मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 अक्टूबर को है। इस दिन, लाखों बौद्ध और अंबेडकरवादी नागपुर में दीक्षाभूमि जाते हैं, जहां डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। दीक्षाभूमि नव-बौद्धों के लिए एक पवित्र स्थान है, क्योंकि इसमें डॉ. अंबेडकर की राख और एक स्तूप है। जो उनकी शिक्षाओं का प्रतीक है। आगंतुक बुद्ध, अम्बेडकर और अशोक के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं, और विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। अशोक धम्म विजय दिवस धम्म के मार्ग पर चलने वालों के लिए खुशी और शांति का दिन है। यह अशोक की करुणा और बुद्धिमत्ता को याद करने का दिन है, जिन्होंने हिंसा त्याग दी और पूरे एशिया में बौद्ध धर्म का संदेश फैलाया। यह अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने का भी दिन है, जिन्होंने भारत में बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित किया और लाखों उत्पीड़ित लोगों को धम्म के माध्यम से मुक्ति पाने के लिए प्रेरित किया।

**धम्म प्रवर्तन दिवस की हार्दिक बधाई**

# एससी वर्ग से ओबीसी को दूर रखने का महा षड्यंत्र

विगत दो माह पूर्व शान्त और भाईचारे से ओतप्रोत सांस्कृतिक पृष्टभूमि वाले सामाजिक सौहार्द की धरती, छत्तीसगढ़ में एक अप्रत्याशित दुखद घटना को अंजाम दिया गया जिसकी गूंज राजनैतिक रुप से पूरे देश में सुनाई दी थी। इस इस घटना ने पहली बार पूरे भारत को छत्तीसगढ़ का अलहदा स्वरुप दिखाया जिससे संपूर्ण भारत को आश्चर्य के साथ -साथ छत्तीसगढ़ के प्रति उनके मन में स्थापित मान्यताओं में भी बदलाव ला दिया।

विगत माह बलौदाबाजार में हुए,कथित उग्र आंदोलन जिसे सतनामी समाज के शान्ति प्रिय लोग सामाजिक रुप से कर रहे थे मैं उसकी बात कर रहा हूं।उस दिन के आंदोलन की रुपरेखा पूर्व में विधिवत घोषित की जा चुकी थी। शासन-प्रशासन को पूरी तरह से इस संदर्भ में अवगत करा दिया गया था इसमें कोई कोताही आयोजकों द्वारा नहीं बरती गई थी।

छत्तीसगढ़ में एससी वर्ग में आने वाले सतनामी समाज को उक्त बड़ा आंदोलन क्यों करना पड़ा ? इसके पीछे का इतिहास जानना बहुत जरूरी है ।

दरअसल समतावादी और मनखे -मनखे एक बरोबर के गुरु वाक्य के जीवन दर्शन को आचरण में जीने वाले सतनामियों के सतनाम धर्म के प्रवर्तक परम पुज्य गुरु घासीदास जी बाबा की जन्मस्थली गिरौदपुरी क्षेत्र में स्थापित और सतनामियों व अन्य मानवतावादी समाज के लोगों द्वारा पूजित जोड़ा जैतखाम को एक दिन अचानक आरी से कटा हुआ पाया गया था।बात निश्चित रूप से निंदनीय और सामाजिक सौहार्द को चुनौती देने वाली थी।इस घटना से आहत सतनामी समाज के स्थानीय सदस्यों ने प्रथमतया स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन के समक्ष जाकर इस कृत्य को अंजाम देने वाले वास्तविक अपराधियों को खोजकर पकड़ने और कानून संगत सजा देने की सहज मांग किया था। इसपर प्रशासन ने गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं किया तब समाज के लोगों में इस प्रशासनिक लचीलता को लेकर स्वाभाविक रुप से आक्रोश बढ़ता गया ।बात बढने का आभास होने पर पुलिस द्वारा आनन-फानन में कार्यवाही करते हुए दो प्रवासी बिहारी मजदूरों को उक्त घटना का जिम्मेदार बताते हुए पकड़ कर जेल में डाल दिया गया था। लेकिन समाज के बुद्धिजीवियों को इस पुलिसिया कार्रवाई में तार्किक रुप भरोसा नहीं हुआ।उनका सवाल था कि बिहार से छत्तीसगढ़ में आकर मजदूरी करके पेट पालने वाले गरीब मजदूर युवकों, जिसे सतनाम धर्म और उसकी किसी विचारधारा से कोई सरोकार ही नहीं है,सतनामियों से भी उनकी कोई दुश्मनी या वैचारिक मनमुटाव भी नहीं है ऐसे में उक्त दोनो गरीब युवकों द्वारा भला कैसे और क्यों पवित्र जैतखाम को नुक्सान पहुंचाया जा सकता है? उनका यह सवाल सौ प्रतिशत जायज था जिसका वे उत्तर देने की मांग करते हुए समाज के प्रमुखों ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से कटघरे में रखकर यह संदेश दिया कि उक्त जैतखाम को काटे जाने की घटना कोई साधारण घटना नहीं है बल्कि इसके पीछे सदियों से पूर्वाग्रह से ग्रसित जन्मजात दुश्मनी रखने वाले किसी समाज विशेष का षड्यंत्रकारी कार्य है। इसलिए समाज द्वारा सरकार से यही मांग की जाने लगी कि किसी निरपराध को आरोपी बनाना और उसे दण्ड देना सतनाम सिद्धांतों के खिलाफ है अतः स्वयं सरकार ही अपनी उच्च जांच एजेंसी से इस घटना की निष्पक्ष जांच करवा कर दूध का दूध और पानी का पानी कर के दोषी व्यक्तियों को उचित सजा दी जाए।।

सरकार द्वारा इतने बड़े समाज की इस संवेदनशील मामले से संबंधित छोटी सी जायज मांग की लगातार अनदेखी किया जाने लगा तब समाज में यह स्पष्ट संदेश चला गया कि जरुर जैतखाम को काटने की घटना में वैमनस्य रखने वाले किन्ही खास समाज के कुछ खास रसूखदार लोगों का हाथ है तभी सरकार उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराने से बच रही है। शायद प्रशासन में बैठे हुए कुछ अफसरान भी संभावित अपराधियों को जानते हों जिनको पकड़ना उनके लिए टेढ़ी खीर साबित हो सकता था।

सतनामी समाज के लोग अब उच्च स्तर पर पढ़-लिख रहे है इसलिए इनके विचारकों को किसी भी घटना के सामाजिक और राजनैतिक निहितार्थों को समझने में देर नहीं लगती चूंकि कहावत है,दूध का जला छांछ को भी फूंक-फूंक कर पीता है।सो सरकार की टालमटोल नीति के पीछे की मजबूरी को वे भांप गये इसीलिए समाज दिन-प्रतिदिन अपनी निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आंदोलन को शान्ति पूर्वक विस्तार दे रहा था।

वहीं दूसरी ओर सतनामियों तथा भारत के मूलनिवासियों से सैकड़ों वर्षो से खुन्नस रखने और उक्त घटना को अंजाम देने वाले नेपथ्य के विद्वेशी लोग जो कि भारत के चप्पे-चप्पे के सामाजिक और राजनैतिक मंचो में सघनता के साथ मौजूद हैं,इस आंदोलन और उनकी मांगों को लेकर सकते में थे, अतः उनका नया षड्यंत्र रचने का स्वाभाविक कार्य भीतर-भीतर चलता रहा।

जब सतनामी समाज के लोगों ने बलौदा बाजार मुख्यालय में बड़ा आंदोलन शान्ति पूर्वक करने की योजना बनाई तो विरोधियों को सही मौका मिल गया।उन्हे शान्ति प्रिय पूरे सतनामी समाज को खतरनाक , आक्रमणकारी और उग्र रुप से तोड़-फोड़, आगजनी करने वाले समाज के रुप में बदनाम करने का अवसर मिल गया।

बलौदा बाजार के उस आंदोलन के बीच अचानक से भीड़ के कुछ हिस्सों से कुछ संदिग्ध लोग बेहद उग्र होकर खतरनाक तरीके से सैंकड़ों वाहनों को आग के हवाले करने लगते हैं और उनके द्वारा लाखों की संपत्ति कुछ ही पलो में स्वाहा कर दी जाती है।

अब जैसा कि स्वाभाविक है सरकार और मीडिया ऐसी घटनाओं पर आंदोलनकारियों को ही दोषी बताती है, अतः वे सभी सतनामियों को ही अपराधी बताकर टीवी और अखबारों पर अपना फर्ज निभाने लगी। पुलिस भी अब स्फूर्ति दिखाने में कहां से पीछे रहती, सो वह भी सैकड़ों निर्दोष लोगों को आंख मूंदकर पीटने और पकड़ने मे अपना कर्तव्य का निर्वहन करने लगी। आज की तारीख में अब भी सैकड़ों की संख्या में निर्दोष सतनामी भाईयो को जेल में कैद रखा गया है।यह एक भीषण त्रासदी है। अब हम फायदा और नुकसान किसको हुआ इस पर विचार करते हैं तो इसमें बहुत बड़ा षड्यंत्र हो गया यह समझते देर नहीं लगती।पूरी घटना में धार्मिक और राजनैतिक रुप से जुड़े षड्यंत्रकारियों को ही फायदा हुआ ।उनका? पहला उद्देश्य यह था कि भारत भर में एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के बीच विगत कुछ दशकों से जो एकता प्रगाढ़ हो रही थी उसे पुनः सिफर में लाने के लिए एससी वर्ग में आने वाले सतनामी समाज की छवि ऐसे खतरनाक तरीके से बिगाड़ दी जाए जिससे सतनामी समाज की विश्वसनीयता ओबीसी समाज में खत्म हो जाए ताकि ओबीसी समाज बलौदा बाजार की उग्र आगजनी की घटना का स्मरण करके भविष्य मे कभी भी सतनामी समाज के आंदोलन में साथ न दे सके और ओबीसी समाज भी सतनामी समाज को अपने आंदोलनों में आमंत्रित न कर सके।

मेरा मानना है कि विरोधियों ने इस बार फिर ऐसा भयानक षड्यंत्र रचा है कि बहुजन समाज का आम आदमी समझ ही नहीं पाएगा कि खेला कहां? कैसे? और कौन कर गया?

अब होगा क्या? सतनामी समाज के सैकड़ों लोग प्रमाणिक रुप से अपराधी सिद्ध होकर जेल में सड़ेंगे। जैतखाम को क्षति पहुंचाने वाले वास्तविक अपराधी छुट्टा घूमेंगे। ओबीसी समाज सतनामियों से दूरी बना लेगी। सतनामी समाज का मनोबल इस हद तक गिर जाएगा कि अब वो भविष्य में बड़ा आंदोलन करने से हिचकिचाएगी।कभी भी आंदोलन की बात करने पर प्रशासन भी सतनामियों को इजाजत देने में बाधा खड़ी करेगी।

और अंत में फायदा किसे पहुंचेगा इस पर निष्कर्ष निकाला जाए तो सूई सीधे -सीधे उन्ही एक खास आइडियोलॉजी के समर्थक षड्यंत्रकारियो के चेहरों के ठीक सामने जाकर रुक जाती है।जिनका नाम बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन मुझे विश्वास है अब ओबीसी समाज भी जागरूक हो रहा है और उसे भी अपने असली दुश्मनों का चेहरा दिख चुका है। अतः ओबीसी समाज अपने मूलनिवासी एससी भाई से कभी दूर नहीं जा सकता।

अब षड्यंत्रकारी कौम के कुछ लोग ओबीसी समाज के लोगों को उक्त घटना का स्मरण कराते हुए यह कहते हुए दिखाई देंगे कि आप लोग सतनामी समाज से दूर रहें,उन्हे अपने आंदोलनों में आमंत्रित न करें और ना ही आप लोग उनके आंदोलनों में जाएं, क्योंकि सतनामी लोग विस्वास पात्र नहीं हैं वे कभी भी उग्र होकर आगजनी या तोड़ -फोड़ कर देंगे और आप लोग मुसीबत में पड़ जाएंगे। ओबीसी समाज के भाईयों से निवेदन है कि उक्त बात कहने वाला कोई भी व्यक्ति यदि आपके पास आता है तो समझ लेना कि ये उसी षड्यंत्रकारी कौम का व्यक्ति है जो बलौदा बाजार की घटना को अंजाम देने मे शामिल था।बस ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखें और भारत के सभी बहुजनों के एकीकरण को बाधा पहुंचाने वाले हर षड्यंत्र को धैर्यपूर्वक नष्ट करें।तभी भारत का पच्यासी प्रतिशत मूलनिवासी समाज इस भारत में सुखी हो सकता है।

**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत÷ दुर्ग (छ0ग0)**

# मेरा सपना अंधविश्वासमुक्त भारत हो अपना

साथियों आज मैं आज आपको रूबरू करवा रही हूं एक ऐसी कड़वी सच्चाई से जो बहुतों को शायद आसानी से हजम भी नहीं होने वाली है।

जी हां आज का मेरा विषय है-

**ज्योतिष** – आधी हकीकत आधा फ़ंसाना

दोस्तों जैसे ही कोई त्यौहार आता है, बहुत सारे लोगों के उससे संबंधित विभिन्न रश्मों और रीति - रिवाजों के फर्जी मुहूर्त संबंधित ज्ञानवर्धक संदेशों की झड़ी लग जाती है।

चूंकि ज्योतिष भविष्यवाणियां दो प्रकार की होती है - अंक ज्योतिष व फलित ज्योतिष।

अंक ज्योतिष के अनुसार सूर्योदय-सूर्यास्त,ग्रहण, ऋतुओं इत्यादि की व्यवहारिक गणना की जाती है ,जो लगभग 98त्न तक सही भी होती है।

दूसरा फलित ज्योतिष में जन्म कुण्डली, राशिनुसार भाग्य, शुभ - अशुभ मुहूर्त, ग्रहों का काल्पनिक प्रभाव व उनके कारण और निवारण संबंधित ज्ञान परोसा जाता है। यह पूर्णतः अनुमान आधारित,अतार्किक व मनगढ़ंत होता है जो चंद तथाकथित विद्वान पंडितों द्वारा धर्म का धंधा चलाने हेतु प्रचारित किया जाता है।

यहां मैं कुछ भ्रांतियां, पूर्वाह्न और उनकी सच्चाई पेश कर रही हूं-

(1) राशिनुसार भाग्य- यह पूर्णतया अनुमान आधारित और अतार्किक होता है,क्योंकि राशि तो सिर्फ़ बारह ही बताई गई है लेकिन दुनिया में कोई भी दो लोगों का भविष्य भी एक जैसा नहीं होता। उदाहरण के लिए राशि तो राम और रावण दोनों की एक ही थी, लेकिन उन्हें उनका फल कर्मानुसार मिला।

(2) ग्रहों का प्रभाव- कारण और निवारण - यह भी पूर्णतया मनगढ़ंत व धूर्त व चालाक लोगों द्वारा धर्म के नाम पर धंधा करने और भोले - भाले लोगों को ठगने के लिए सृजित किए गए है।

इस सन्दर्भ में कुछ पूर्वाह्न, भ्रांतियां व उनकी सच्चाई इसप्रकार है-

(1) भ्रांति - कृष्ण पक्ष शुभ नहीं होता।

सच्चाई - शिवरात्रि, जन्माष्टमी,शितलासप्तमी, धनतेरस व दिवाली भी कृष्ण पक्ष में ही आती है।

(2)भ्रांति - श्राद्ध में भगवान नहीं होते।

खंडन - सूर्य श्राद्ध में भी सूर्य उगता है।

श्राद्ध में भी धरती माता कभी नहीं बोलती की कि आज मेरे ऊपर पांव? मत रखना।

श्राद्ध में भी किसी का जन्म और मृत्यु भी हो सकता है। अन्यथा श्राद्ध में जन्म लेने वाले के लिए दुनिया में आने व मृत्यु पाने वाले का दुनिया छोड़ने हेतु 15 दिन बाद नवरात्रि का मुहूर्त सुझाया जाना चाहिए।

सरकारी नौकरी हेतु मुहूर्त नहीं देखा जाता और देखने वाला पीछे रह जाता है।

(3)भ्रांति - किसी विशेष दिन विशेष दिशा में यात्रा नहीं करनी चाहिए।

खंडन - प्रतिदिन किसी भी दिशा में जाने वाली कोई भी ट्रेन खाली नहीं जाती।

(4)भ्रांति - रात्रि में झाड़ू नहीं निकालना चाहिए।

सच्चाई- यह मान्यता इसलिए बनी थी क्योंकि पहले के समय में लाईटें नहीं थी और अंधेरे में कोई अमूल्य चीज झाड़ू में जा सकती थी। अब यह अंधविश्वास बन चुका है।

अतः सौ बात की एक बात यही है कि समय कभी शुभ - अशुभ नहीं होता,बल्कि हमारे अच्छे बुरे कर्मानुसार शुभ - अशुभ फल मिलता है। जैसे हम बहुत बढ़िया मुहूर्त निकलवाकर भी किसी की हत्या करेंगे तो हमें अवश्य ही सजा मिलेगी।

और आप किसी का बुरा नहीं करेंगे तो समय आपका भी बुरा नहीं करेगा क्योंकि फल समय का नहीं कर्म का मिलता है।

इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि जिसका भी हम भला चाहते हैं उन्हें सिर्फ शुभकामनाएं न देकर उनको उचित मार्गदर्शन द्वारा अच्छे कर्म हेतु प्रेरित करे।

भाग्य और चमत्कार के बजाय विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर विश्वास करें क्योंकि बहुत ज्यादा दैव्यशक्ति की अलौकिक बातें सुन - सुनकर इंसान कर्मवादी कम व भाग्यवादी व अंधविश्वासी अधिक हो जाता है ?और यह मैं मेरे व्यक्तिगत आधार पर कह रही हूं।

मैंने दुनिया में ऐसे लोग भी देखें है जो कभी मंदिर - मस्जिद जाते ही नहीं, फिर भी वे सुखी है क्योंकि वे जानते है कि उनका भगवान सिर्फ मंदिर - मस्जिद में ही नहीं बल्कि उनके दिल में व लोगों की भलाई के साथ है।

इसके विपरीत बहुत से तिलक - माला वाले भोपे, पुजारी व पंडितों को भी लोगों को अंधविश्वास की आड़ में ठगते देखा है।

और आजकल तो यह काम बहुत से नेता लोग भी कर रहे हैं और धर्म का डर दिखाकर हमें अंधभक्त बना रहे,जबकि सच्चाई यह है कि नेता लोग भी अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ा रहे हैं और अपना ईलाज करवाने भी विदेश जाते हैं । लेकिन हमें सिर्फ मंदिर - मस्जिद में उलझाकर सिर्फ अपना उल्लू सीधा करते हैं।

इसलिए कृपया जो नेता सिर्फ स्कूल - अस्पताल, सड़कें,बिजली, रोजगार और शांति की बात करें, सिर्फ उन्हें ही अपना वोट करें । मंदिर -मस्जिद श्मशान - कब्रस्तान की बात करने वालों को बिल्कुल नहीं।

* आप इक्कीसवीं सदी में जी रहे हो और यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। इसलिए थोड़ा बहुत अपने विवेक का भी उपयोग करो।
* पंडित-पजारियों व नेताओं के अंधभक्त मत बनो।
* दिमाग की बत्ती जलाओ,वैज्ञानिक विवेक जगाओ।
* पाखंड पर प्रहार करो, अंधविश्वास दूर भगाओ।

## पोंगा पंडितों से दूर रहने के उपाय --

* स्वयं पर विश्वास करें और आत्मविश्वास को बढ़ाए।
* किसी भी कार्य के होने या न होने के पीछे ग्रह नहीं, स्वयं आप ही है। अत~ कहां कमी रह गई उन पर विचार करे।
* लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते हुए प्रयास करते रहे। दिन - रात उसी के सपने देखे। जो लक्ष्य तय किया है उसी अनुसार परिश्रम करेंगें तो सफलता निश्चित है।
* कार्य को करने से पहले लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने पास मौजूद संसाधनों और सहयोगियों पर अवश्य विचार करें।
* कर्म पर विचार करे, जो कर भी रहे हैं या जो नहीं कर रहे, क्या वे ठीक है? ये वही है जो आपको पता है और आपके सामने है, उन के लिए उतरदायी भी आप ही है।
* तर्कवादी बने। क्या, क्यों और कैसे इन शब्दो का प्रयोग करना सीखे। किसी भी बात को ऐसे ही सच न माने। स्वयं विचार कर के अच्छी तरह से तथ्य को परख कर ही विश्वास करे। फिर कोई भी आपको मूर्ख नहीं बना पाएगा।
* किसी टोटके आदि मे विश्वास करना त्याग दें. नहीं त्याग सकते है तो एक बार इस बात पर विचार करे कि जिस काम को मनुष्य होकर भी आप कर नहीं पाए उसे मसूर दाल, बताशे, रेवड़ियां, हल्दी, चन्दन मौसी, ताबीज़, धातू, नीबूं किस प्रकार से करेगें?
* भविष्य को जान कर उसे बदलने की बजाय, अपने वर्तमान को पहचान कर उसे बेहतर बनाए, भविष्य अपने आप संवर जाएगा।
* भविष्य पूर्व निश्चित नही है, वह कर्म से बनता है। अत~ कर्म प्रधान बने।
* भाग्य को दोष देना बन्द करे। यदि भाग्य मे लिखे लेख के अनुसार ही जीवन चक्र चलित हो, तो कर्म की आवश्यकता ही क्या है?
* सदैव वर्तमान में जिए। एक वही है जो आपके पास है क्योंकि न तो भूतकाल व न ही भविष्यकाल पर हमारा नियंत्रण है।
* सदैव याद रखे कि आपके जन्म के समय आपके साथ उसी क्षण मे और व्यक्ति भी उत्पन्न हुए है, अतः यह भ्रम मन से निकाल दे कि ग्रहो के कारण आपके साथ ऐसा हो रहा है।
* यह समझे कि अगर ज्योतिषी ही सब का भविष्य जानता है वे स्वयं अपना भविष्य क्यों नहीं संवारता। वह आपको पैसे या नगीने बेच कर धन क्यों कमा रहा है ? वे भी मूर्ख बनाने का कर्म कर रहे हैं।
* ज्योतिषी से पूछे क्या उसके घर दुख तकलीफ़ असफलता मृत्यु कभी नहीं आई। अगर आई है तो ये सब कर्म विधान को माने व विश्वास करे।
* कुछ समय के लिए ज्योतिषी का पैन या जुता छुपा लें फिर देखें वे ढूंढ पाता है या नही। फिर विचारे वह दूसरों के भविष्य और कष्ट कैसे जान सकता है?
* विज्ञान को माने। ग्रह किसी के ऊपर न चढ़ सकते है, न कोई उतार सकता है वे प्राकृतिक चक्र है लोगों को परेशान करने के लिए नहीं बने है।

**अंधश्रद्धा से मुक्त होइए।**

**तार्किक और प्रगतिशील भारत का निर्माण कीजिये।**

# खैरहा पुलिस द्वारा किया गया खुलासा, करीब 04 लाख रूपये का मशरूका जप्त

- **बिजली लाईन (तार) चोरी करने वाले अंतर जिला संगठित गिरोह का**
- **खैरहा पुलिस द्वारा किया गया खुलासा, करीब 04 लाख रूपये का मशरूका जप्त**

थाना खैरहा में पूर्व में शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्रामों (जंगल क्षेत्र) में 11,000 वॉट के चालू बिजली लाईन (तार) को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की जा रही है। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था। उक्त चोरी के संबंध में सायबर सेल की तकनीकी सहायता के आधार पर साक्ष्य एकत्रित किया गया। साक्ष्यों के




अनुसार ग्राम तुम्मीवर चैकी देवहरा थाना चचाई के नीरज बैगा, फुंदेलाल बैगा, लल्ला बैगा, दीपक बैगा, संजू बैगा, अनिल बैगा, गुरू बैगा, सुबेलाल बैगा एवं बंगवार कालोनी का दीपक कुमार चक्रवैस आदि लोगों का घटना में शामिल होना संदेहास्पद था। जिसके आधार पर दिनांक 16.10.2024 को आरोपी क्रमषः 01. दीपक कुमार चक्रवैस पिता श्री विजय बहादुर चक्रवैस उम्र 34 वर्ष निवासी रूंगटा कालोनी नई दफाई थाना अमलाई, 02. नीरज बैगा पिता केमला बैगा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर, 03. संजू बैगा पिता मेरमिया बैगा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर, 04. गुरू प्रसाद बैगा पिता संतराम बैगा उम्र 22 वर्ष निवासी तुम्मीवर एवं 05. अनिल बैगा पिता स्व. लखन बैगा उम्र 21 वर्ष निवासी तुम्मीवर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उपरोक्त आरोपियों के द्वारा चोरी में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आटो लोडर, मोटर सायकल, नायलोन का रस्सा, गड़ासा, चाकू, लकडी के दो गुटखा, चोरी गई बिजली के तार आदि बरामद कर कुल 4,00,000/- (चार लाख) रूपये का मशरूका की जप्त की गई। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा पूर्व में थाना सिंहपुर, बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई, केशवाही आदि थानों के विभिन्न क्षेत्रों में तार केबिल काटकर चोरी करने की बात स्वीकार किया गया। इसके अतिरिक्त थाना पाली जिला उमरिया में घुनघुटी, मुंदरिया में नई रेल्वे लाईन की बंद लाईन के तार को अपने साथियों के साथ मिलकर काटकर चोरी करने की बात स्वीकार किये है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पता-तलाष जारी है। उक्त कार्यवाही एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरहा उपनिरी0 दिलीप सिंह, सउनि0 रामकरन सिंह, प्रधान आरक्षक राम नाथ बांधव, पवन कुमार शुक्ला, दलवीर सिंह, आरक्षक0 सतीश कुमार, अमरसाय प्रजापति, साउल मोरिस महिला, अज्ञावती एवं सायबर सेल से आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा एवं प्रकाश द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही है।

# कमिश्नर से अतिथि शिक्षक ने प्रभारी प्राचार्य यशवंत सिंह की थी शिकायत अभी तक नहीं हुई कोई कार्यवाही

**रोहित तिवारी**

शहडोल। विद्यालय जिसे हम मां सरस्वती का मंदिर कहते हैं और गुरु जो भगवान से बढ़ कर माने जाते हैं ऐसे में जब कोई गुरु अपने कर्तव्यो को भुल गुरु के मान सम्मान कि धज्जियां उड़ाते हुए मां सरस्वती के मंदिर को व्यापर का अड्डा बना लें तो ऐसे गुरु को आप क्या कहेंगे आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं ऐसा ही एक ताजा मामला प्रकाश में आया है श्रीमती पूजा सोनी पति सचिन कुमार सोनी निवासी.ग्राम करूआ पोस्ट गोहपारू जिला-शहडोल (म.प्र.) की निवासी ने कमिश्नर संभाग शहडोल को शिकायत पत्र दिया अपने शिकायत पत्र में श्रीमती पूजा सोनी अतिथि शिक्षक ने बताया कि गत वर्ष 2023-24 से अतिथि शिक्षक के रूप मे शा.उ.मा.वि. गोडारू मे अध्यापक कार्य कर रही हूँ, शासन के नियमानुसार पुर्व अतिथि शिक्षक को वर्तमान शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 रखे जाने का विधान है, जिसके परिपालन मे श्रीमती पूजा सोनी सहित अन्य अतिथि शिक्षको को संस्था मे रखे जाने हेतु जिला अनुमोदन समिति किया जा चुका है तत्पश्चात श्रीमती पूजा सोनी दिनांक 02 /08/2024 से दिनांक 25/ 08/ 2024तक विद्यालय मे अध्यापक कार्य की है प्रभारी प्राचार्य यशवंत सिंह द्वारा 15000/- रूपये जिला अनुमोदन समिति खर्च बता कर मांगा गया मेरे द्वारा न दिए जाने के कारण दिनांक 26/ 08/ 2024 को श्रीमती पूजा सोनी को संस्था मे अध्यापक कार्य कारये जाने से मना कर दिया गया और अतिथि शिक्षक से प्रथक कर दिया गया है।

जिला अनुमोदन समिति के भ्रष्टाचार की खुली पोल

श्रीमती पूजा सोनी की शिकायत ने जहां एक और दबंग प्राचार्य यशवंत सिंह के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग के जिला अनुमोदन समिति के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी आप स्वयं अंदाजा लगाए कि शा.उ.मा.वि. गोडारू में श्रीमती पूजा सोनी सहित कुल 11अतिथि शिक्षक हैं और प्रति अतिथि शिक्षक से 15000रुपए खर्च अगर लिया गया तो कुल 1,65000 रुपए शिक्षा विभाग के जिला अनुमोदन समिति खर्च अधिकारियों ने लिया वहीं अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी ने दबंग प्राचार्य यशवंत सिंह के द्वारा 15000 रुपए जिला अनुमोदन समिति खर्च न देने पर अतिथि शिक्षक से प्रथक कर दिया गया। बता दें कि जिला अनुमोदन समिति के द्वारा अतिथि शिक्षक आमंत्रण अनुमोदन पत्रक सत्र 2024 -2025 में सभी अतिथि शिक्षक को अनुमोदित तो कर दिया था और सभी उच्च शिक्षा अधिकारियों ने पत्रक में अपनी सिल सहित हस्ताक्षर भी कर दिए थे वहीं श्रीमती पूजा सोनी ने आरोप लगाया कि प्राचार्य यशवंत सिंह ने 15000 रुपए न मिलने पर सिविल सेवा आचरण अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए अधिकारियों द्वारा अनुमोदित पत्रक में एक टिप लिख दिया गया कि अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी वर्ग 1को छोड़ कर अनुमोदित है वहीं पत्रक में सभी अतिथि शिक्षक के नाम के आगे सही का मार्क लगा हुआ है आप स्वयं अंदाजा लगाइए कि शासकीय आदेश पत्रक में छेड़छाड़ करने वाले शासकीय कर्मचारी पर क्या कार्यवाही होनी चाहिए। वही पत्रक में जो टिप लिखा गया है उसे टिप की भी जांच होनी चाहिए आखिर वह टिप किसने लिखा।

**दबंग प्राचार्य ने उच्च अधिकारियों को किया गुमराह:** बता दें कि दबंग प्राचार्य यशवंत सिंह ने जहां अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी से 15000 रुपए की मांग की वहीं दूसरी ओर शा.उ.मा.विद्यालय गोडारू में अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी से दिनांक 02 /08/2024 से दिनांक 25/ 08/ 2024तक विद्यालय मे अध्यापक कार्य भी करवा वहीं अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी द्वारा उपस्थित पंजी में अपने हस्ताक्षर भी किए गए और 26/08/2024 से सेवा समाप्त कर दिया गया। इतना ही नहीं दबंग प्राचार्य यशवंत सिंह ने अपने उच्च शिक्षा अधिकारी बीईओ गोहपारू को उपस्थित भी नहीं भेजा गया काम भी कराया गया और वेतन भुगतान नहीं किया गया।बता दें कि अर्थशास्त्र एवं भुगोल की अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी की सेवा समाप्त होने के बाद छात्रा छात्राओं की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है तिमाही परीक्षा हो गई लेकिन आज दिनांक तक अर्थशास्त्र एवं भुगोल की क्लास न लगी जिससे छात्रा छात्राओं की पढ़ाई पर काफी असर पड़ रहा है अतिथि शिक्षक श्रीमती पूजा सोनी ने कमिश्नर से मांग की अतिथि शिक्षक कार्य में पुनः रखा जाए एवं प्राचार्य यशवंत सिंह के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाए।

**प्रशासनिक प्रतिक्रिया:** नहीं ऐसा नहीं है यहां जो अनुमोदन समिति है हमारी समिति के कोई भी अधिकारी कर्मचारियों ने किसी प्रकार की कोई रुपए की डिमांड नहीं की है जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं गलत हैं और पत्रक में अगर कोई टिप लिखी गई है तो वह जांच का विषय है मामला गंभीर है इसकी जांच होनी चाहिए।

**अमरनाथ सिंह परिहार**
**जिला परियोजना समन्वयक शहडोल**

वह विद्यालय हमारे अंडर में नहीं है मामला हमारे पास आया था हमने लिखकर ऐसी ट्राइबल को भेज दिया है वहीं से उसकी जांच होकर मामले में कार्यवाही होगी समिति में हमारे यहां से एक लोग रहते हैं और कोई पैसे की मांग नहीं करते हैं।

**मोहन पाठक**
**जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल**

जो भी आरोप लगाए गए हैं गलत है कमिश्नर महोदय के यहां शिकायत की गई है और कमिश्नर साहब के द्वारा टीम को निर्देशित किया गया है जांच के लिए अभी टीम नहीं आई है जिस दिन टीम आएगी सब स्पष्ट हो जाएगा।

**यशवंत सिंह प्राचार्य**
**हायर सेकंडरी विद्यालय गोडारु**

हां हमारे भी पत्रक में हस्ताक्षर होते हैं लेकिन उसमें कोई टीप नहीं लिखी गई है और अगर टिप लिखी है तो किसने लिखी है वह जांच का विषय है आप शिकायत की काफी हमको दिलवाई है हम उसकी जांच करवा कर कार्यवाही करेंगे।

**आनंद राय सिन्हा**
**सहायक आयुक्त आदिवासी**
**विकास विभाग शहडोल**

# केरल में हो रहे देश विरोधी अपराध, सीएम ने मुझे अंधेरे में रखा: राज्यपाल आरिफ मोहम्मद

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सत्तारूढ़ वामपंथी सरकार पर अपने हमले तेज करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य में हो रहे 'देश विरोधी अपराधों' को लेकर उन्हें अंधेरे में रखा। राज्यपाल ने यह भी कहा कि अब तक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ''मुख्यमंत्री की इजाजत के बिना'' नियमित रूप से राजभवन आते रहे हैं और अब ''उनका और स्वागत नहीं किया जाएगा।''



खान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक बयान में कई 'देश-विरोधी गतिविधियों' और 'राज्य-विरोधी गतिविधियों' शब्दों का इस्तेमाल किया, इसका मतलब यह है कि मुख्यमंत्री मानते हैं कि राज्य में 'देश विरोधी अपराध' हो रहे हैं। राज्यपाल ने हाल ही में विजयन द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए यह बात कही। खान ने कहा, ''देश विरोधी अपराध क्या है। यह किस तरह की गतिविधि है। क्या यह अधिक गंभीर नहीं है? क्या आपको (मुख्यमंत्री) मुझे जानकारी नहीं देनी चाहिए थी? क्या यह आपका कर्तव्य नहीं था? आप अपने कर्तव्य को निभाने में विफल रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि जब देश के खिलाफ ऐसे अपराध किए जाते हैं तो उन्हें राष्ट्रपति तथा केंद्र सरकार को सूचित करना पड़ता है और इसके लिए जानकारी होना जरूरी है। खान ने कहा, ''इसलिए, मैंने जानकारी मांगने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार भी नहीं किया। उन्होंने 27 दिन बाद इसका जवाब दिया, जब मैंने मुख्य सचिव और डीजीपी को बुलाया। लेकिन, उन्होंने (मुख्यमंत्री) कोई जानकारी नहीं दी।'' उन्होंने कहा, ''वह (मुख्यमंत्री) राजभवन नहीं आते और वह उन्हें (मुख्य सचिव और डीजीपी) आने की इजाजत नहीं देते क्योंकि कुछ न कुछ छिपाया जा रहा है। इसलिए कुछ तो गड़बड़ है।'' उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव और डीजीपी नियमित रूप से राजभवन आते रहे हैं। खान ने कहा कि मुख्य सचिव विधानसभा सत्र के दौरान अध्यादेश जारी करने भी आए थे। राज्यपाल ने कहा, ''मैंने कहा कि ऐसा करना सही नहीं है क्योंकि विधानसभा सत्र है और इसकी फिर से समीक्षा करनी चाहिए। मुख्य सचिव फिर आए और कहा कि यह ठीक है। इसलिए, मैंने इस पर हस्ताक्षर किए। इसलिए, वे उस समय मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना आते रहे। अब उनका और स्वागत नहीं किया जाएगा।'' राज्य में जारी किसी भी कथित देश-विरोधी गतिविधियों के बारे में जानकारी मांगने के लिए खान द्वारा मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब किए जाने के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच मतभेद बढ़ गया है।

## पांच हजार रूपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**रिपोर्ट रोहित तिवारी**



पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक के द्वारा जिले में पूर्व के अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गए हैं। जिसके तारतम्य में दिनांक 20.09.2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में आरोपी शनि पनिका (दिवान ) पिता जगन्नाथ पनिका उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम लखवरिया घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल के द्वारा 5000/- रूपये ईनाम की घोशणा की गई थी। खैरहा पुलिस द्वारा दिनांक 17.10. 2024 को उक्त आरोपी शनि पनिका को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना खैरहा से उपनिरी. दिलीप सिंह के नेतृत्व में प्रआर0 राम नाथ बांधव, आर0 सतीश कुमार एवं गिर्राज कंसाना के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने में सराहनीय भूमिका रही है ।

# कश्मीरी पंडितों को कश्मीर लौटना चाहिए और अपने घरों की देखभाल करनी चाहिए : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने शनिवार को कश्मीरी पंड़ितों की वापसी का आह्वान किया। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद एनसी और कांग्रेस गठबंधन ने शुक्रवार को पार्टी बनाने का दावा किया। इस बारे में मीडिया से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कश्मीरी पंडितों के सवाल पर कहा कि वह और उनकी पार्टी और वह कश्मीरी पंडितों की वापसी का इंतजार कर रहे हैं, जिन्हें 1990 के दशक की शुरुआत में पलायन के दौरान अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हमारे जो भाई-बहन यहां से चले गए हैं, वे घर वापस आएंगे। अब समय आ गया है, वे अपने घर लौट आएं।



अब्दुल्ला ने अपनी पार्टी की नीति बताते हुए कहा कि हमारी पार्टी हिंदु और मुसलमानों के बीच में भेदभाव नहीं करती। हम सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं। हम केवल कश्मीरी पंड़ितों के बारे में ही नहीं बल्कि जम्मू के लोगों के बारे में भी सोचते हैं। कश्मीरी पंडितों को घाटी में वापस लौटने का निमंत्रण देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर में सभी के लिए जगह है।

**हमारी पार्टी कश्मीरी पंडितों की दुश्मन नहीं- फारुख अब्दुल्ला:** नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को कश्मीर लौटना चाहिए और अपने घरों की देखभाल करनी चाहिए और उनका खुले दिल से स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उनकी वापसी के लिए सभी व्यवस्थाएं और पहल करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे लगता है कि उनकी वापसी काफी समय पहले हो जानी चाहिए थी, उन्हें बहुत पहले ही वापस आकर अपने घरों में रहना चाहिए था। हमें उनके दुश्मन नहीं है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जब वह यहां आए तो उन्हें पता चले कि हम उनके दुश्मन नहीं हैं। हम सभी भारतीय हैं और हम किसी को भी अपने साथ लेने के लिए तैयार हैं।

**हम बनाएंगे सरकार- उमर अब्दुल्ला:** एनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में बहुमत की सीटें जीतन के बाद शुक्रवार को हमने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। हमारी सरकार सभी लोगों के लिए होगी। लोगों ने हमें वोट देकर अपना भरोसा जताया है। अब हमारा काम है कि हम उन्हें बेहतर काम करके दें और उनके भरोसे पर खड़े उतरें।

जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं, जिसमें कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन का बहुमत मिला है। आर्टिकल 370 हटाने के बाद पहली बार हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले कम सीटें मिली हैं।

# नायब सिंह सैनी को जान से मारने की धमकी, जींद का रहने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि राज्य के जींद जिले में जुलाना में व्हाट्सएप ग्रुप पर यह धमकी दी गई थी। आरोपी की पहचान जींद जिले के देवरार निवासी अजमेर के रूप में हुई है। जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि अजमेर ने 8 अक्टूबर को राज्य में मतगणना के दिन व्हाट्सएप ग्रुप पर जान से मारने की धमकी दी थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, जैसे ही मामला पुलिस के संज्ञान में आया प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और अजमेर को गिरफ्तार कर लिया गया। मालू हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और ओलंपिक पहलवान विनेश फोगट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाजपा उम्मीदवार योगेश कुमार को हरा दिया। उन्होंने 6,015 मतों के अंतर से हराकर जुलाना विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की है। हालांकि, नतीजों से पहले कई राजनीतिक जानकारों का मानना था कि फोगाट की जीत का अंतर बड़ा हो सकता है। मगर, अंतिम नतीजे में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। बता दें कि हरियाणा में नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को पंचकूला में होगा। पार्टी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के सीनियर नेता और कुछ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, 'हमें प्रधानमंत्री की मंजूरी मिल गई है और 17 अक्टूबर को पंचकूला में मुख्यमंत्री व उनके मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह होगा।'

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)